# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 05 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 298, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## पूंजी निकासी से सेंसेक्स ने 519 अंक टूटा

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से स्थानीय शेयर बाजार में आयी गिरावट और सेंसेक्स 519 अंक टूट गया। } 14

## जंगल राज की वापसी रोकें बिहार के मतदाता : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से से अपील की है कि वे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल वाला ईवीएम बटन दबाएं। } 16



# बिहार में राजग की होगी बड़ी जीत

## जंगल राज वालों का पूरी तरह हो जायेगा सफाया : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने यह सुनिश्चित करने का मन बना लिया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधानसभा चुनावों में पिछले 20 वर्षों के अपने जीत के रिकॉर्ड को तोड़े और राज्य में जंगल राज की वापसी न हो।

मोदी ने कहा कि बिहार में जंगल राज लाने वाले लोगों को आगामी चुनावों में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों राजकुमार पूरे राज्य में घूम रहे हैं और दिल्ली वाले ने तो छठी मैया का अपमान भी किया है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे बड़े पैमाने पर मतदान करें, ताकि राजग की बड़ी जीत सुनिश्चित हो सके और छठी मैया का अपमान करने वालों तथा बिहार में जंगल राज लाने वालों की जमानत जब्त हो सके। मोदी ने नमो ऐप के जरिये बिहार में भाजपा-राजग की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बिहार भाजपा की महिला कार्यकर्ता मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ शानदार काम कर रही हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया। मोदी ने कहा कि वह बिहार में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं और हर रैली में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गरीबों में बांटी जायेगी माफियाओं की संपत्ति : योगी

❍ मुख्यमंत्री ने बिहार के समस्तीपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित ❍ सरकार ने जनहित में चलायीं कई योजनाएं

एजेंसी

समस्तीपुर (बिहार)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अब बिहार में भी माफिया पर कार्रवाई होगी और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित करेगी।

बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जो लोग उत्तर प्रदेश से खारिज कर दिए गए हैं, वे कहते हैं कि हम केवल नाम बदलते हैं। हम सिर्फ नाम नहीं बदलते, हमने उत्तर प्रदेश के नाम को दुनिया के मंच पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा जब बुलडोजर माफिया को कुचलता है और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाती है, तो यही सच्चा न्याय है। अब बिहार में भी ऐसे कदम उठाने की जरूरत




है। उन्होंने कहा कि बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि के रूप में स्थापित करना है, बिहार के विकास को भारत के विकास से जोड़ना है, युवाओं को रोजगार देना है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। योगी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में आईआईएम, आईआईटी, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है। विकास के लिए इच्छाशक्ति चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस के पास विकास का कोई मॉडल नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर आस्था का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, जिन्होंने भगवान राम पर सवाल उठाए थे, वही आज छठी मइया पर सवाल कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना की सफलता राजग सरकार की उपलब्धियां हैं, जिन्होंने गरीबों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा आपका (जनता) उत्साह इस बात का संकेत है कि बिहार में फिर से राजग सरकार बनने जा रही है। मैंने बिहार के युवाओं की मेधा और बुद्धिमत्ता को नजदीक से देखा है। बिहार के युवाओं ने देश और दुनिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा का निधन



लंदन। जाने-माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के प्रमुख हिंदुजा का नाम उनके दोनों भाइयों के साथ बोफोर्स घोटाला मामले में भी आया था। करीबी सूत्रों ने बताया कि उद्योग जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। गोपीचंद का जन्म 1940 में हुआ। चार हिंदुजा बंधुओं में वह दूसरे स्थान पर थे।

### बिहार में पहले चरण का प्रचार थमा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान मंगलवार की शाम छह बजे थम गया। इस चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीट पर छह नवंबर को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए ताकि मतदाता बड़ी संख्या में मतदान के लिए आगे आएं। आयोग ने बूथ पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग, नई मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) की सुविधा और ईवीएम नेट ऐप के माध्यम से मतदान रिपोर्टिंग जैसे तकनीकी नवाचारों को लागू किया है।

# बिलासपुर में बड़ा ट्रेन हादसा, 7 की मौत

## मालगाड़ी के ऊपर चढ़ी लोकल यात्री ट्रेन, मृतकों के परिजनों को 10 लाख व घायलों को दी जायेगी 5 लाख की मदद

एजेंसी

बिलासपुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब एक लोकल यात्री ट्रेन के मंगलवार को एक मालगाड़ी से टकरा जाने से सात लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक लोकल यात्री ट्रेन आज कोरबा जिले के गेवरा रेलवे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी।

अग्रवाल ने बताया कि जब ट्रेन आज शाम लगभग चार बजे गतौरा और बिलासपुर रेलवे स्टेशन के मध्य में थी तभी लोकल यात्री ट्रेन ने एक मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में सात लोगों की मृत्यु हुई है तथा 14 अन्य यात्री घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बिलासपुर शहर के अपोलो, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आपोलो अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। अग्रवाल ने बताया कि घटना के दौरान लोकल ट्रेन की पहली बोगी, मालगाड़ी की अंतिम बोगी के ऊपर चढ़ गई और छतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि लोकल ट्रेन की बोगी में दो अन्य यात्रियों के फंसे होने की जानकारी मिली है, जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।



मौके की तस्वीरों में यात्री ट्रेन का एक कोच मालगाड़ी के वैगन के ऊपर चढ़ा दिख रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख रुपये और सामान्य रूप से घायल यात्री को एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन प्रभावित यात्रियों को हरसंभव सहायता और समन्वय प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त स्तर पर करायी जाएगी, जिससे घटना के कारणों की समुचित जांच ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | : 7777857335 |
| बिलासपुर | : 7869953330 |
| चांपा | : 8085956528 |
| रायगढ़ | : 9752485600 |
| पेंड्रा रोड | : 8294730162 |
| कोरबा | : 7869953330 |
| उसलापुर | : 7777857338 |

यात्री व उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रेल प्रशासन स्थिति पर निरंतर नजर रखे हुए है और समुचित राहत, बचाव व सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

### सीएम विष्णु देव साय ने जताया दुख



ट्रेन हादसे पर दुख जताते हुए सीएम साय ने कहा कि बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। रेलवे और प्रशासन की टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं।

### माफिया मुख्तार से खाली करायी जमीन पर बने फ्लैट की चाबी आज सौंपेंगे सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हजरतगंज के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई जमीन पर बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट की चाबी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को सौंपेंगे। सीएम योगी डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे। यह फ्लैट सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के तहत बनाए गए हैं। इनकी कुल संख्या 72 हैं। इन फ्लैट्स की कीमत 10.70 लाख रुपये है, मंगलवार को लाटरी की प्रक्रिया संपन्न हुई।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश भर में अभियान चलाकर माफिया के कब्जे से अवैध भूमि को खाली कराया गया था। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप हजरतगंज के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया मुख्तार के कब्जे से अवैध जमीन को मुक्त कराया गया था। इसके सीएम योगी के निर्देश पर एलडीए की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैट ...शेष पृष्ठ 14 पर

# शहरी विकास सरकार की प्राथमिकता

## शहरों में हमारे नागरिकों के सपने व आकांक्षाएं लेती हैं आकार :धामी

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। शहरों में हमारे नागरिकों के सपने और आकांक्षाएं आकार लेते हैं। इसी सोच के साथ हमने शहरी विकास को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है। आज हमारे नगर स्वच्छता, सड़क व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में उत्तराखण्ड की रजत जयंती वर्ष समारोह की श्रृंखला में राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का शुभारम्भ के अवसर पर कही। इस अवसर पर उन्होंने 46 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास



किया तथा दिव्यांग सशक्तिकरण कौशल विकास वाहन व नगर निगम काशीपुर के 14 कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में, जब हमारे शहर अपने स्वरूप में ढल रहे थे, तब हमारे निकायों के सामने बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ आवश्यक संसाधनों का भी अभाव हुआ करता था। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं ने भी विकास कार्यों की गति को अत्यधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रदेश में 8 से 11 तक नहीं होगी संपत्तियों की रजिस्ट्री

लखनऊ। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की ओर से ऑनलाइन सर्वर का काम दूसरे पर स्थानांतरित किया जाना है। इस वजह से आगामी 8 से 11 नवंबर तक संपत्तियों की रजिस्ट्री का काम बंद रहेगा। 8 को दूसरे शनिवार और 9 को रविवार का अवकाश रहेगा। इसलिए लोगों को सिर्फ दो दिन ही परेशानी हो सकती है। महानिरीक्षक निबंधक नेहा शर्मा ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के लिए एनआईसी से संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गवर्नमेंट क्लाउट (एनजीसी) पर स्थानांतरित कराया जाना है। इसलिए 8 से 11 नवंबर तक सर्वर पर रख-रखाव और स्थानांतरण का काम किया जाएगा। इसके चलते ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत-इजराइल

## व्यापार, बुनियादी ढांचे व कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और इजराइल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की वैश्विक नीति विकसित करने और व्यापार, बुनियादी ढांचे व कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर मंगलवार को चर्चा की।

इस दौरान भारत ने यह उम्मीद जताई कि अमेरिका की मध्यस्थता से तैयार की गई गाजा शांति योजना क्षेत्र में स्थायी शांति लाने में सहायक होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच यह बातचीत हुई। दोनों देश आने वाले महीनों में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा की संभावना पर भी विचार कर रहे हैं। बैठक में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप



आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) पर भी चर्चा हुई, जिसके तहत क्षेत्रीय संपर्क व व्यापार को बढ़ावा देने के अवसरों की तलाश की जा रही है। जयशंकर ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ अक्टूबर में 17747.06 करोड़ का मिला राजस्व (पृष्ठ-02)
❍ वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर होगा उत्सव (पृष्ठ-02)
❍ पूंजी निकासी से संसेक्स ने 519 अंक टूटा (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 11 पैसे बढ़कर 88.66 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ इस्पात की कम कीमतें कंपनियों के लिए समस्या (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — राजस्व मामले के निस्तारण में प्रयागराज दूसरे, गोरखपुर तीसरे और कानपुर नगर चौथे स्थान पर

# सबसे अधिक राजस्व मामले निपटाने में लखनऊ अव्वल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं।

योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा अक्टूबर माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर




ने बाजी मारी है। बता दें कि जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले 13 माह से जौनपुर टॉप फाइल जिलों में बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की अक्टूबर माह की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में पूरे प्रदेश में कुल 3,24,897 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,260 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 10,501 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरा, गोरखपुर 8,165 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसी तरह कानपुर नगर ने 7,866 मामले निस्तारित कर चौथा और शाहजहांपुर ने 7,707 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की अक्टूबर माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एशिया के 100 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में भारत के पांच आईआईटी शामिल

एजेंसी

❍ भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरु और दिल्ली विवि को भी मिली जगह

नयी दिल्ली। मंगलवार को घोषित क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार एशिया के शीर्ष शिक्षण 100 संस्थानों में पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु और दिल्ली विश्वविद्यालय शामिल हैं। आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-मद्रास आईआईटी-मुंबई, आईआईटी-कानपुर और आईआईटी-खड़गपुर शीर्ष 100 एशियाई संस्थानों की सूची में शामिल हैं। लंदन स्थित क्यूएस ने एक बयान में कहा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी एशिया रैंकिंग में सात भारतीय संस्थान शीर्ष 100 में, 20 शीर्ष 200 में और 66 शीर्ष 500 में हैं। उसने कहा कि पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में 36 भारतीय संस्थानों में सुधार हुआ है, 16 समान रहे और 105 में गिरावट आई है। क्यूएस ने कहा रैंकिंग का विस्तार इस वर्ष के परिणामों में देखी गई अधिक अस्थिरता से जुड़ा है। इसमें कहा गया है, कुल मिलाकर, 41 भारतीय संस्थान विश्वविद्यालयों के शीर्ष 80 पर्सेंटाइल में शामिल हैं। पीएचडी कर्मियों के मामले में एशिया में भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। आईआईटी-दिल्ली इस वर्ष 59वें स्थान पर था। उसे लगातार पांचवें वर्ष सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्थान घोषित किया गया।

# अक्टूबर माह में 17747.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त : सुरेश खन्ना

## प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बढ़ोतरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अक्टूबर माह में कुल 17747.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अक्टूबर माह में 17111.00 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह अक्टूबर में 636.06 करोड़ रुपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।

- **प्रदेश सरकार के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अक्टूबर, 2024 के सापेक्ष अक्टूबर, 2025 में रुपये 636.06 करोड़ की वृद्धि**
- **कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह सितम्बर तक 122761.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति**

उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह अक्टूबर तक 122761.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.4 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में कुल 6830.96 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष अक्टूबर, 2024 के माह में प्राप्ति 6799.27 करोड़ रुपये रही थी। वैट के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में 2401.82 करोड़रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 2171.16 करोड़ रुपये रही थी। आबकारी के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में कुल 4508.31 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 3767.72 करोड़ रुपये रही थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस मद में 740.59 करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। आबकारी मद के अंतर्गत माह अक्टूबर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 2287.27 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 2890.88 करोड़ रुपये रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 1418.62 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 1074.76 करोड़ रुपये रही थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में प्राप्ति 300.08 करोड़रुपये है जबकि गत वर्ष माह अक्टूबर, 2024 में प्राप्ति 407.21 करोड़ रुपये रही थी।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अक्टूबर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल 122761.33 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 164977.00 करोड़ रुपये के सापेक्ष 74.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह अक्टूबर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 99741.65 करोड़ रुपये के सापेक्ष 64107.66 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64.3 प्रतिशत है।

आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य 32500 करोड़रुपये के सापेक्ष 30657.63 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 94.3 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत अक्टूबर माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य 22525 करोड़ रुपये के सापेक्ष 18807.85 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 83.5 प्रतिशत है। परिवहन मद में निर्धारित लक्ष्य 7866.60 करोड़ रुपये के सापेक्ष 6725.98 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है जो 85.5 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भूतत्व एवं खनिकर्म के अंतर्गत माह अक्टूबर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य रू0 3000 करोड़ के सापेक्ष 1962.48 करोड़रुपये की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 65.4 प्रतिशत है।

# योगी सरकार ने नशीली दवाओं के कारोबारियों पर कसी नकेल

## कोडीनयुक्त कफ सिरप और नॉरकोटिक दवाओं के खिलाफ प्रदेशव्यापी सख्त कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ योगी सरकार ने बड़ी मुहिम छेड़ दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, ने राज्य में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नॉरकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय और वितरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस विशेष अभियान में अब तक प्रदेशभर में लाखों की अवैध नॉरकोटिक और कोडीनयुक्त औषधियां जब्त की गई हैं, 16 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर औषधि प्रशासन की ताबड़तोड़ छापेमारी में लाखों की अवैध दवाएं जब्त, अब तक 16 एफआईआर, 6 गिरफ्तार**
- **प्रदेश भर में अब तक 115 प्रतिष्ठानों पर की गई निरीक्षण/छापेमारी की कार्रवाई, 115 नमूने जांच के लिए भेजे गये**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डॉ रोशन जैकब ने बताया की मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अब तक 115 प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण/छापेमारी की गई, लाखों की औषधियां सीज की गईं, 115 नमूने जांच हेतु भेजे गए, 16 एफआईआर दर्ज कर 6 गिरफ्तारियां की गई हैं। जांच में संदिग्ध पाए गए अभिलेखों की अग्रिम विवेचना तक 25 मेडिकल स्टोर्स पर कोडीनयुक्त सिरप एवं नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री पर रोक लगाई गई है। प्रदेश भर में कोडीन युक्त / नॉरकोटिक्स/साईकोट्रॉपिक श्रेणी औषधियों की अवैध आवाजाही की जांच हेतु संदिग्ध मेडिकल स्टोर की सघन जांच, विशेष अभियान के रूप में जारी है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से नकली एवं नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली औषधि के भंडारण, क्रय-विक्रय अथवा आवाजाही से संबंधित सूचना विभाग द्वारा जारी व्हाट्सप्प नंबर 8756128434 पर दी जा सकती है।

अवैध नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कई जिलों में छापेमारी की है और एनडीपीएस एक्ट में सख्त कार्रवाई की। लखनऊ में 11 अक्टूबर को एक अवैध गोदाम से 3 लाख कफेनसाईफिक टी सिरफ जब्त की गई और दीपक मानवानी को गिरफ्तार किया गया। बहराइच में 13 अक्टूबर को रायल फार्मा और ममता मेडिकल एजेंसी से 30 हजार की अवैध दवाएं जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। लखीमपुर खीरी में 14 अक्टूबर को पीयूष मेडिकल एजेंसी के मालिक के घर से 68 लाख की टारमिडाल कैसूल बरामद कर सरोज कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 4 नवंबर को लखीमपुर खीरी में न्यू राय मेडिकल एजेंसी से ?2 लाख की कोडीन युक्त 1200 बोतलें पकड़ी गईं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, लखनऊ में इन दवाओं की मार्केटिंग करने वाली कंपनियों आरपिक और इडिका लाइफ साईनिस प्रा. लि.के डिपो पर भी छापे मारकर रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। पूरे प्रदेश में जांच जारी है। औषधि प्रशासन विभाग ने कोडीनयुक्त फेनसाईफिक टी सिरफऔर अन्य एनआरएक्स श्रेणी की दवाओं की अवैध बिलिंग और भंडारण में गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई की है। जांच में मैसर्स इडिका लाइफ साईनिस प्रा. लि. के विक्रय बिलों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिसके आधार पर कई जनपदों में एफआईआर दर्ज की गई है। सीतापुर में नैमिष मेडिकल स्टोर के संचालक शिवम कुमार पर बीएनएस की धारा 318(1), 335 के तहत केस दर्ज किया गया। रायबरेली में अजयश फार्मा के मालिक पर धारा 318(2), 336(3), 340(2) के तहत कार्रवाई हुई। लखनऊ के श्री श्याम फार्मा और सुल्तानपुर के विनोद फार्मा पर भी अवैध खरीद-बिक्री के मामले में मुकदमे दर्ज किए गए। उन्नाव में अम्बिका हेल्थकेयर पर एक लाख से ज्यादा कोडीनयुक्त सिरप के बिल न दिखाने पर केस दर्ज हुआ, जबकि कानपुर नगर में मां दुर्गा फरर्मो पर 40,000 से ज्यादा सिरप के बिल न प्रस्तुत करने पर मुकदमा हुआ। बांदा जिले में डीएमसी कंपनी पर और कानपुर नगर में सिसौदिया मेडिसिन हाउस, एसएस हेल्थकेयर, आरएस हेल्थकेयर और बालाजी मेडिकल स्टोर पर भी एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा जालौन में अल्ट्रा फाइल कैमिकल पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई है।

औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 22(1)(डी) के तहत सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में पाया गया कि कई मेडिकल स्टोर्स ने कोडीन युक्त सिरप और नशीली (एनआरएक्स) दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड नहीं दिखाए। इस आधार पर लखनऊ, कानपुर नगर, रायबरेली, सीतापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, वाराणसी और कौशांबी जिलों के 25 मेडिकल स्टोर्स पर इन दवाओं की बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, नेपाल सीमा और हरियाणा, दिल्ली, पंजाब से जुड़े जिलों में नशीली दवाओं की अवैध आवाजाही पर रोक लगाने के लिए संदिग्ध मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच विशेष अभियान के रूप में जारी है।

# मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करें : डॉ. संजय निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा है कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के सर्वांगीण विकास और प्रदेश को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है मत्स्य पालकों के हितार्थ किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए एवं इससे मत्स्य पालकों/मछुआरों को लाभान्वित कराया जाए। मत्स्य पालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और उन्हें मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाए ताकि उन्हें मत्स्य पालन में किसी प्रकार की हानि न हो और अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन हो सके।

मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना चयनित परियोजनाएं समय से पूर्ण करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सेक्टर की योजनाओ के अंतर्गत प्राविधानित बजट धनराशि के सापेक्ष अतिशीघ्र लाभार्थी चयन की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए धनराशि का व्यय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुपयुक्त जल क्षेत्र जैसे वेटलैंड, खारा पानी के अलावा जलक्षेत्र, जलाशय व नदियों को मत्स्य विकास कार्यक्रम से आच्छादित करने तथा प्रदेश के मछुवारों व मत्स्य पालकों को जीवन में आर्थिक सुधार लाने एवं उन्हें स्वावलम्बी बनाये जाने के लिए कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मंत्री द्वारा पीएमएमएसवाई (प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पेंडिंग केसेज एवं बैक आउट रिपोर्ट) की अद्यतन रिपोर्ट, केसीसी एवं इंश्योरेंस, प्रोग्रेस एवं इम्प्लीमेंटेशन स्टेटस, फेडरेशन एवं कोऑरेशन करेन्ट स्टेट्स रिपोर्ट एवं परफार्मेंस रिव्यू, रिवर रैंचिंग (सीड क्वालिटी एवं डिस्ट्रीब्यूशन रिपोर्ट) तथा निषादराज बोट योजना, प्रोग्रेस इम्प्लीमेंटेशन स्टेटस एवं बेनीफिशरीज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव मत्स्य विकास मुकेश मेश्राम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मत्स्य विकास से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करें एवं उन्हें प्रोत्साहित करें। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराए। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. द्वारा मंत्री को बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में ससमय कार्यवाही किए जाने के लिए आश्वस्त किया गया। समीक्षा बैठक में एनएस रहमानी, निदेशक मत्स्य, पुनीत कुमार उप निदेशक मत्स्य, एजाज अहमद उप निदेशक मत्स्य, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# छात्रा दिव्या को मिला रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ।** एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, जटेपुर रेलवे कॉलोनी, गोरखपुर की बारहवीं की छात्रादिव्या विश्वकर्मा को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 01 से 09 नवम्बतक आयोजित गोरखपुर पुस्तक महोत्सव में कनिष्ठ वर्ग में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के लिये मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ ने 01 नवम्बर को सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि छात्रा दिव्या विश्वकर्मा को विश्व पर्यावरण दिवस पर पुरस्कृत किया गया था। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बीर जी श्रीवास्तव, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

# भाजपा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित करेगी उत्सव

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देशभर में भव्य उत्सव आयोजित करेगी। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की ऐतिहासिक भूमिका को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर भी व्यापक जनभागीदारी वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेंगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के प्रदेश संयोजक त्रयम्बक त्रिपाठी ने बताया कि पार्टी द्वारा कल 05 नवम्बर को प्रदेश के 18 महानगरों में एक साथ प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। इन प्रेस वाताओं के माध्यम से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, उद्देश्य एवं राष्ट्रगीत के माध्यम से जनजागरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जानकारी दी जाएगी। त्रयम्बक त्रिपाठी ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। वहीं अन्य महानगरों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं संगठन के प्रमुख नेता पत्रकारवार्ताओं के माध्यम से अभियान की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि देशभक्ति, आत्मगौरव और राष्ट्रसमर्पण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य है कि हर नागरिक वंदे मातरम के संदेश को आत्मसात करे और देशभक्ति की भावना को नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ाए। उन्होंने बताया कि 05 नवम्बर को प्रदेश में गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, नोएडा सहित अन्य स्थानों पर पार्टी द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की जायेंगी।

# 21 चीनी मिलों ने शुरू किया गन्ना पेराई कार्य

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा हाल ही में गन्ना किसानों को दिए गए तोहफे के बाद वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। प्रदेश की 53 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद हेतु इण्डेन्ट जारी कर दिया है। वहीं प्रदेश की 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारंभ हो चुका है। गौरतलब है कि योगी सरकार ने हाल ही में इस पेराई सत्र में गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की ऐतिहासिक वृद्धि की है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि प्रदेश की 21 चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिनमें सहकारी क्षेत्र की 01, निजी क्षेत्र की 20 चीनी मिलें शामिल हैं। प्रदेश की संचालित चीनी मिलों में सहारनपुर परिक्षेत्र की 05 चीनी मिलें, मेरठ परिक्षेत्र की 08, मुरादाबाद परिक्षेत्र की 02, लखनऊ परिक्षेत्र की 06 चीनी मिलों ने पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अन्य 32 चीनी मिलों द्वारा पेराई कार्य शुरू करने की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर गन्ना खरीद हेतु इण्डेंट जारी कर दिया है। इन चीनी मिलों का संचालन भी अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा। अवशेष 69 चीनी मिलें भी शीघ्र ही संचालित हो जाएगी। गन्ना आयुक्त ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के देय गन्ना मूल्य का नियमानुसार त्वरित भुगतान करने के लिए चीनी मिलों को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं, जिस क्रम में मिलों द्वारा वर्तमान पेराई सत्र के देय गन्ना मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। चीनी मिलों के समय से संचालन से गेहूं बुवाई के लिए खेत खाली होने से किसानों को सुगमता होगी।

# विशेषज्ञता और ईमानदारी से हो काम, मुख्यमंत्री की मंशा से कराया अवगत

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के वृद्धाश्रमों के कुशल संचालन के लिए चयनित संस्थाओं के लिए प्रकाशित आरएफपी पर विचार-विमर्श के लिए प्री-बिड मीटिंग-2025 का आयोजन मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूपा विशेषज्ञता और ईमानदारी के साथ हमें अपने काम को करना है।बैठक में विभागीय अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने वृद्धाश्रम संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों, आवश्यक मानकों और अपेक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधियों ने स्थानीय संस्थाओं को प्राथमिकता देने, काउंसलर का पद सृजित करने, अनुभव के आधार पर मानदंडों में लचीलापन देने, तहसील स्तर पर वृद्धाश्रम खोलने और निजी अनुभवों को मूल्यांकन में शामिल करने जैसे कई सुझाव दिए। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण संस्थाओं के साथ साझेदारी करेगा और उनके सुझाव पर अमल करेगा ताकि वृद्धाश्रम स्नेह, सुरक्षा और सम्मान के केंद्र बन सकें। बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर के 75 जिलों में 150 क्षमता वाले वृद्धाश्रम संचालित हैं। मीटिंग में निदेशक कुमार प्रशांत, उप निदेशक आरपी सिंह, उप निदेशक आनंद कुमार सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

- **पूर्ण पारदर्शिता के लिए मंत्री ने विडर्स के साथ की बैठक, लिये सुझाव**

# बिहार से पूरे देश में जा रहा बदलाव का संदेश : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बिहार से पूरे देश में बदलाव का संदेश जा रहा है। बिहार की जनता भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकार को बदलने जा रही है। यह विधानसभा चुनाव गरीब और अमीर के बीच है। अमीर और उद्योगपति भाजपा के साथ खड़े है। वहीं गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं इंडिया गठबंधन और राश्ट्रीय जनता दल के साथ है।


- **बिहार की विभिन्न विधानसभाओं को सपा अध्यक्ष ने किया सम्बोधित**

बिहार विधानसभा चुनाव में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों दिनारा विधानसभा क्षेत्र में राजेश यादव, ओबरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ऋषि सिंह और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और नौजवानों के पलायन के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा झूठी, भ्रष्टाचारी और धोखेबाज पार्टी है। भाजपा ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव खराब करती है। उन्होंने कहा कि बिहार का पैसा बिहार के विकास पर खर्च होना चाहिए। नौजवानों को नौकरी मिलनी चाहिए। भाजपा ने देश और प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। देश को कर्जदार बना दिया है। भाजपा सरकार में देश पर कर्ज बढ़ता जा रहा है।



अखिलेश यादव ने कहा कि जबसे तेजस्वी यादव ने हर घर युवाओं को नौकरी देने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने, माताओं-बहनों को 2500 रुपये हर माह देने की घोषणा की है। तब से भाजपा घबराई है। तेजस्वी यादव प्रदेश में सरकार बनाकर नया बिहार बनाएंगे।

# एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाना शुरू



लखनऊ। मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान-2026 के तहत मंगलवार से बीएलओ घर-घर जाना शुरू कर दिया है। यह अभियान के अनुसार 04 दिसम्बर तक घर-घर जायेंगे। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची में मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एंयूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध कराएंगे। बीएलओ गणना प्रपत्र की दो प्रतियों मतदाताओं को उपलब्ध कराएंगे और फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी करेंगे। बीएलओ मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित करेंगे और पावती देंगे। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना प्रपत्र भर कर एवं उस पर हस्ताक्षर करते हुए, यथाशीघ्र अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। मतदाता, गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें व हस्ताक्षर करें। मतदाता, गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम फोटो लगाएं। मतदाता, फॉर्म इछड को वापस दें और प्राप्ति रसीद जरूर लें। मतदाता https://voters.eci.gov.in पोर्टल से भी अपना गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 या 1800-180-1950 पर कॉल की जा सकती है। कार्यक्रम की प्रमुख तिथियां गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलनः 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर , निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशनः 09 दिसम्बर , दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधिः 09 दिसम्बर से 08 जनवरी 2026 ]नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन / निस्तारण की अवधिः 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशनः 07 फरवरी 2026 होगा।

# पीजीआईसीएच नोएडा के उन्नयन व कई सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान-ग्रेटर नोएडा की 10वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडा पर चर्चा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई।

बैठक में तेजी से बढ़ती मांग और गुणवत्तापूर्ण देखभाल में सुधार, उन्नत निदान और उपचार सुविधाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए संस्थान के उन्नयन के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें उन्नत बुनियादी ढांचे का निर्माण एवं क्षमता वृद्धि शामिल है। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज परियोजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएनआईडीए) द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) आवंटित 56 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए दूसरे चरण की राशि आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान-ग्रेटर नोएडा की 10वीं शासी निकाय की बैठक संपन्न**

संस्थान में यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और न्यूरोसर्जरी में सुपरस्पेशलिटी पाठ्यक्रम (डीएम/एमसीएच/डीआरएनबी) तथा नियोनेटोलॉजी, पेन मेडिसिन, रीजनल एनेस्थीसिया, डेंटल सर्जरी और क्रिटिकल केयर में फेलोशिप शुरू किया जाएगा तथा राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन रक्षक (एनईएलएस) प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसकी सैद्धांतिक मंजूरी शासी निकाय की बैठक में प्रदान की गई। इसी क्रम में स्वास्थ्य देखभाल कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए जीआईएमएस विद्या सेतु (कौशल शिक्षा प्रशिक्षण इकाई) शुरू करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें गहन देखभाल और मैकेनिकल वेंटिलेशन में प्राथमिक प्रतिक्रिया - देखभाल प्रशिक्षण (प्राइम-केयर) और नर्सिंग मॉड्यूल शामिल है। जीआईएमएस द्वारा संस्थान का 10 वर्षीय विजन प्रस्तुत किया गया और सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत किया गया तथा कार्यान्वयन हेतु एक रोडमैप तैयार करने के निर्देश मुख्य सचिव द्वारा दिए गए। संस्थान के दीर्घकालिक विजन के तहत, जीआईएमएस का लक्ष्य एसजीपीजीआई, लखनऊ की तर्ज पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख तृतीयक देखभाल और सुपर-स्पेशलिटी शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने रोबोटिक सर्जरी, उच्चस्तरीय निदान और सटीक चिकित्सा जैसी उन्नत रोगी देखभाल सुविधाएँ प्रदान करने के लिए पहल करने का सुझाव दिया। एसजीपीजीआई के समान पश्चिमी यूपी में चिकित्सा केंद्र को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इससे पूर्व, जीआईएमएस के निदेशक डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश के गुप्ता ने बताया कि राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश सरकार का एक स्वायत्त तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थान है, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है और इसे उत्कृष्ट व्यावसायिक चिकित्सा शिक्षा और बहु-विषयक अनुसंधान प्रदान करने में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों, रोगी देखभाल सेवाओं, शैक्षणिक और अनुसंधान पहलों, उपलब्धियों और जीआईएमएस के भविष्य के दृष्टिकोण का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने एमबीबीएस (2019), डीएनबी (2020), नर्सिंग कॉलेज (2021), पैरामेडिकल विज्ञान संस्थान (2021) और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी/एमएस) (2024) शुरू किए हैं। जीआईएमएस द्वारा अल्प समय में की गई उल्लेखनीय प्रगति, विशेष रूप से एनएबीएच और एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने के लिए मुख्य सचिव और सभी सदस्यों द्वारा सराहना की गई।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सातवीं के छात्र ने किया सुसाइड कमरे में लटकता मिला शव

## ढाई साल पहले पिता ने भी दी थी जान, मां का रो-रो कर बुरा हाल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के मस्तीपुर गांव में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई। जब कक्षा 7 में पढ़ने वाले छात्र अंश (12) ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। अंश मदाखेड़ा गांव स्थित मालती नारायण इंटर कॉलेज में कक्षा 7 का छात्र था। विधवा मां पूनम ने बताया कि मंगलवार सुबह वह खाना बनाकर काम के लिए पीजीआई चली गई थी। शाम को जब घर लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है। काफी देर तक आवाज लगाई, तो दरवाजा न खुलने पर आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया। तो अंदर बेटे को फंदे पर लटकते देख होश उड़ गए। वहीं, ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया की मां और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**खाना खाने के लिए दो बार दरवाजा खटखटाया:** मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की भीड़ में एक किनारे खड़े छोटे भाई आदर्श 8 ने पूछने पर बताया कि उसने दोपहर में दो बार खाना खाने के लिए दरवाजा खटखटाया और भइया अंश को आवाज भी लगाई पर दरवाजा न खुलने पर गांव में दूसरे मोहल्ले में खेलने के लिय चला गया।

मृतक के परिवार में विधवा मां पूनम और छोटा भाई आदर्श 8 है। पिता महेश ने भी लगभग ढाई वर्ष पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता की मौत के बाद पूनम घर का खर्च चलाने के लिए पीजीआई इलाके के घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।

## जेठानी पर भ्रूण हत्या और पति, जेठ पर गंभीर आरोप लगा दर्ज कराया केस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति, जेठ, जेठानी सहित कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

कृष्णानगर पुलिस के मुताबिक एक विवाहिता ने शिकायत की है कि फरवरी में ठाकुरगंज के बालागंज इलाके से उसकी शादी हुई थी। शादी में उसके पिता ने नौ लाख रुपए दहेज व अन्य सामान दिया था। बताया कि उसका पति हरदोई और जेठानी गोंडा में नौकरी करती है। विवाह के दो माह बाद ही कार खरीदने के लिए जेठ, जेठानी ने पांच लाख रुपए की मांग की। आरोप है कि विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। पीड़िता ने जेठ पर बुरी नियत रखते है और उसके साथ गलत हरकते करने का भी आरोप लगाया है। जब उसने पति से शिकायत की तो उसने चुप रहने की हिदायद दी। आरोप है कि पति संबंध बनाने में हैवानियत करता है। उसके अन्य महिला से भी संबंध हैं। आरोप है कि जेठानी ने उसके गर्भवती होने पर जांच कराई। पेट में बेटी होने पर भ्रूण हत्या करवा दी। पीड़िता ने पति, जेठ, जेठानी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कृष्णानगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति, जेठ, जेठानी और जेठानी के माता, पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# एटीएम से रुपये निकालने वाले को पुलिस ने दबोचा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बादशाहनगर में एसबीआई के एटीएम की कैश-ट्रे में लोहे की पट्टी लगाकर ग्राहकों के रुपये निकालने वाले अपराधी को मंगलवार सुबह इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा और चौकी प्रभारी अकबरनगर अनुराग सिंह की तत्परता से गिरफ्तार कर लिया गया।

एटीएम बूथ के अंदर अपराधी को पट्टी लगाते दिल्ली में बैठे एटीएम कंपनी की सर्विलांस टीम देख लिया था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपराधी को दबोच लिया। एसीपी महानगर अंकित कुमार के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी प्रतापगढ़ के बाबा का पुरवा का रहने वाला अनंत प्रकाश है। उसे एटीएम लगाने वाले हिताची कंपनी की सर्विलांस टीम की सूचना पर पकड़ा गया है। सुबह बादशाहनगर स्थित एसबीआई के एटीएम में उसने कैश-ट्रे में लोहे की पट्टी लगा दी थी। यह देख हिताची कंपनी के हेड आफिस में बैठे सर्विलांस सेल की टीम ने सीसी कैमरे से संदिग्ध युवक को देखा। इसके बाद बाहर निकल कर खड़ा हो गया। कंपनी के लोगों ने इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर सूचना दी। इंस्पेक्टर ने अकबर नगर चौकी प्रभारी अनुराग सिंह को भेजा। बाहर खड़ा संदिग्ध व्यक्ति इस बीच एटीएम में घुसा और वह रुपये निकालने का प्रयास करने लगा। चौकी इंचार्ज ने तभी उसे दबोच लिया। चौकी प्रभारी ने इसकी सूचना एटीएम कंपनी की सर्विलांस टीम को दी। पूछताछ में पकड़े गए संदिग्ध ने बताया कि वह प्रतापगढ़ के बाबा का पुरवा का रहने वाला अनंत प्रकाश मिश्रा है। वह लोहे की पतली स्ट्रिप एटीएम की कैश-ट्रे में लगाकर रुपये निकालता था। सूचना पर पहुंचे कंपनी की सर्विलांस टीम के कर्मियों ने कैश-ट्रे में फंसे रुपयों को निकाला। कैश ट्रे में लोहे की पट्टी लगाने से उसी में फंस जाते हैं रुपये इंस्पेक्टर ने बताया कि कैश-ट्रे में लोहे की पट्टी लगाने से रुपये उसी में फंस जाते थे। वह बाहर नहीं निकलते हैं। ग्राहक खराब एटीएम समझकर चला जाता था। इसके बाद वह एटीएम में जाकर लगाई गई पट्टी हटाकर रुपये निकाल लेता था। इंस्पेक्टर ने बताया कि हिताची कंपनी अयोध्या के ओरवा में रहने वाले जितेंद्र कुमार तिवारी की है। उनकी कंपनी राष्ट्रीयकृत बैंकों में एटीएम लगाने का काम करती है। कंपनी की तहरीर पर अनंत प्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बंद मकान से चोरों ने सामान पार किया, मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर। थाना क्षेत्र में बंद मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने गहने और नगदी पार कर दी। पीड़िता ने पड़ोसी पर संदेह जताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। सरोजनीनगर के शमा विहार कॉलोनी निवासी आमना खातून ने बताया कि दो नवंबर की रात कमरे में ताला लगाकर वह 9 बजे परिवार के साथ मकान मालिक की बेटी की शादी में गई थी। जब वहां से रात करीब 11:30 बजे लौटीं तो दरवाजे का ताला टूटा था। अलमारी और लाकर खुले पड़े थे। घर से 22 सौ रुपये की नकदी और गहने गायब थे। जानकारी करने पर पता चला कि उसी मकान में नीचे रहने वाला युवक छत से उतरते हुए देखा गया था। पीड़ित महिला ने उस पर चोरी का संदेह जताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के सहारे जांच की जा रही है।

## रिश्तेदार को बीमार बता महिला से 65 हजार ठगे

लखनऊ। आशियाना में जालसाज ने एक महिला को रिश्तेदार की बीमारी का हवाला देकर बांतों में उलझा दिया और उससे कई बार में 65 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आशियाना के सेक्टर एच निवासी ललिता सचान ने बताया कि 12 अगस्त की शाम करीब 6 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उनके रिश्तेदार की तबियत काफी खराब है। इलाज के लिए रुपयों की आवश्यकता है। बातों में उलझाकर कॉलर ने कई बार में 65 हजार रुपए ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता को ठगी का पता चला तो आशियाना थाने में शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सोमवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनो ने दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में गांव के ही दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों ने एक दूसरे पर दर्ज कराया मुकदमा ' बिजनौर थाना क्षेत्र के मखदूमपुर कैथी निवासी राजकरन का कहना है कि वह 3 नवंबर को सुबह अपने घर से पुराने घर पर ऑटो रिक्शा से ईट ले जा रहे थे तभी पड़ोसी सोनू ट्रैक्टर लेकर आया और कहने लगा कि ऑटो हटा लो नहीं तो चढ़ा देंगे। पीड़ित का कहना है कि यह कहते वह गालियां देने लगा और किसी धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश होकर गिर गया और सर में चोट आ गई इसके बाद महेश, रमाशंकर, विमलेश, पंकज, सोनू और मोनू ने उसको बहुत मारा पीटा और उसे जबरन उठाकर अपने घर ले जा रहे थे तभी पीड़ित के पिता गुरु प्रसाद ने पहुंच कर हाथ पैर जोड़कर उसको छुड़ा लिया और इसकी सूचना 112 नंबर पर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि इसकी शिकायत जाकर बिजनौर थाने में दर्ज कराओ।

# कोर्ट इंतजार करती रही, नहीं आई फाइल

- हाईकोर्ट के सम्बंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय की फाइल समय से न भेजे जाने पर गंभीर नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने इस प्रकरण में सम्बंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है और वरिष्ठ रजिस्ट्रार को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि मामला मंगलवार को प्रथम वरीयता के रूप में सूचीबद्ध था और सुबह साढ़े दस बजे सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया था। बेंच सचिव को निर्देशित किया गया था कि व्यक्तिगत उपस्थिति से संबंधित फाइलें पूर्व संध्या को पीठ के सदस्यों के आवास पर भेजी जाएं, लेकिन संबंधित अनुभाग द्वारा फाइल समय से न भेजे जाने के कारण ऐसा नहीं हो सका। आदेश में आगे कहा गया है कि बेंच सचिव ने अदालत को अवगत कराया कि कई बार टेलीफोन से अनुरोध किए जाने के बावजूद फाइल न तो पिछले दिन शाम को भेजी गई और न ही सुबह अदालत में पहुंचाई गई, यहां तक कि अनुभाग अधिकारी को तलब करने पर भी वे न्यायालय नहीं पहुंचे। बेंच सचिव ने संयुक्त रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार और सहायक रजिस्ट्रार से भी संपर्क किया, परंतु इसके बावजूद फाइल अदालत तक नहीं पहुंच सकी, वरिष्ठ रजिस्ट्रार को भी इसकी सूचना दी गई, जिनके कार्यालय से बताया गया कि फाइल रास्ते में है, परंतु पांच मिनट तक प्रतीक्षा के बाद भी फाइल नहीं आई। न्यायालय ने आगे कहा कि मामले में एलडीए वीसी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे, लेकिन मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायालय ने वरिष्ठ रजिस्ट्रार को तलब किया और उनसे पूछा कि संयुक्त रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार और सहायक रजिस्ट्रार कहाँ हैं तो बताया गया कि वे अभी तक कार्यालय नहीं पहुंचे हैं और रास्ते में हैं, जबकि उस समय न्यायालय की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी थी। न्यायालय ने इसे अत्यंत गंभीर लापरवाही बताया। न्यायालय ने निर्देश दिया कि वरिष्ठ रजिस्ट्रार पूरे मामले की जांच कर अगली तिथि तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पीठ ने कहा कि यह मामला 2016 से लंबित ध्वस्तीकरण आदेशों से संबंधित है और इसमें एलडीए अधिकारियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप हैं। न्यायालय ने संबंधित सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 10 नवम्बर 2025 को तय की है।

## अवैध धर्मांतरण कानून में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट ने किया खारिज, लगाया हर्जाना

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अवैध धर्मांतरण रोकथाम कानून तथा अपहरण समेत अन्य धाराओं की एक एफआईआर को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने टिप्पणी की है कि वर्तमान मामला इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार राज्य के अधिकारी उक्त एफआईआर के आधार पर अंक बटोरने की होड़ में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। न्यायालय ने पीड़िता द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए बयान के बावजूद अभियुक्त को जेल में रखने पर राज्य सरकार पर 75 हजार रुपये का हजार्ना लगाया है जिसमें से 50 हजार रुपये जेल में बंद याची को तथा 25 हजार विधिक सहायता सेवा केंद्र को दिए जाएंगे। न्यायालय ने अभियुक्त को तत्काल रिहा करने का भी आदेश दिया है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने उमेद उर्फ उबैद खां व अन्य की याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। मामला बहराइच जनपद के माटेरा थाने का है। वादी पंकज कुमार ने 13 सितंबर को एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी अभियुक्तों के बहकावे में आकर घर से जेवर और कैश लेकर चली गई है, अभियुक्तगण अवैध धर्म परिवर्तन का गैंग चलाते हैं। मामले की विवेचना के दौरान 15 सितंबर को वादी की पत्नी वंदना वर्मा ने पुलिस को दिए बयान में एफआईआर में लगे आरोपों का समर्थन किया लेकिन 19 सितंबर को जब उसका मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान हुआ तो उसने कहा कि उसका पति उससे मारपीट करता अहै इसलिए वह दिल्ली चली गई थी। उक्त कथित पीड़िता हाईकोर्ट के समक्ष भी उपस्थित हुयी और आरोप लगाया कि पुलिस के समक्ष जो बयान उसने दिया था वह अपने पति के दबाव में दिया था।

## पति ने करायी महिला की हत्या

माल। माल क्षेत्र के चकई गांव की बागों में झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में बीते सोमवार को पड़ा मिला था। जिसे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिसकी शिनाख्त दुबग्गा शब्जी मंडी के आढ़ती राजू गुप्ता की पत्नी पूजा गुप्ता (35) के रूप में दुबग्गा थाना से हुई थी। माल इंस्पेक्टर नबाब अहमद ने महिला की शिनाख्त होने के बाद ही हत्या का खुलासा करने का प्रयास शुरू कर दिया। सोमवार रात्रि में इंस्पेक्टर ने दुबग्गा से जानकारी करने के बाद दबिश देकर मृतका के पति राजू गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में राजू गुप्ता ने हत्या पैसे देकर कराने की बात कबूल कर लिया है। साथ अन्य तीन हत्यारों को पुलिस राजू गुप्ता की सुरागरसी पर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## महिला ने पड़ोसी पर लगाया चोरी का आरोप

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होने गए दम्पत्ति के कमरे से चोर ने घर में रखी ज्वैलरी और नगदी किया चोरी। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के समा बिहार कॉलोनी निवासी आमना खातून का कहना है कि वह पिछले दो सालों से नासिर अली सिद्दीकी के मकान में किराए पर रह रही है। पीडिता का कहना है कि 2 नवंबर को वह मकान मालिक नासिर अली सिद्दीकी की बेटी के शादी में सम्मिलित होने के लिए हज हाउस अपने पति के साथ गई हुई थी। पीडिता का कहना है कि जब वह रात 11:30 बजे कमरे पर पहुंची तो कमरे की कुंडी टूटी हुई थी और अलमारी का पल्ला भी खुला हुआ था, लाकर भी खुला हुआ था।

## सूचना

मेरे पुत्र का नाम विद्यालय में त्रुटिवश ओजस्व मिश्रा दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम देवार्थ मिश्रा है। आधार व अन्य दस्तावेजों मे भी देवार्थ मिश्रा नाम ही अंकित है अतः उसे देवार्थ मिश्रा नाम से जाना और पहचाना जायेगा द्वारा महेन्द्र प्रताप मिश्रा पुत्र स्व. अमरनाथ मिश्रा निवासी ग्राम गोरवामऊ पोस्ट जगदीशपुर परगना महोना बक्सी का तालाब लखनऊ

# दुष्कर्म का आरोपित सेवानिवृत्त सैनिक गिरफ्तार

**आलमबाग।** मानक नगर पुलिस ने बीते दो नवम्बर की शाम थाना क्षेत्र मे रहने वाली एक दिव्यांग मंदबुद्धि युवती को बहला फुसला स्कूटी से अगवा कर दुष्कर्म करने वाले सेना से रिटायर्ड जवान को थाना क्षेत्र स्थित स्लीपर ग्राउण्ड से मंगलवार को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिर की सूचना पर घटना मे प्रयुक्त स्कूटी संख्या यूपी 32 एम आर 3936 संग गिरफ्तार किया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि पकडे गए आरोपित ने पुलिस पूछताछ मे अपना परिचय आलीशान सिटी, सदरौनी, हंसखेड़ा, थाना पारा, जनपद लखनऊ निवासी दुर्गविजय यादव पुत्र श्याम देव यादव के रूप मे दिया है। पुलिस के अनुसार बीते दो नवम्बर को दिव्यांग मंदबुद्धि युवती के पिता ने एक अज्ञात व्यक्ति पर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा शिकायत की थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कर गठित टीम ने सर्विलांस सेल माध्यम से काकोरी क्षेत्र से दिव्यांग मंदबुद्धि युवती को सुरक्षित बरामद किया था। लेकिन विवेचना के दौरान आरोपित दुर्गविजय यादव का नाम प्रकाश में आया था। जिसने अपहता पीड़िता को अपनी स्कूटी पर बीते 2 नवम्बर को अपने साथ बैठाकर ले जाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। जिसकी पुष्टि होने पर आरोपित को गिरफ्तार कर थाने मे दर्ज अपहरण के मुकदमे मे दुष्कर्म की धारा की बढौतरी कर जेल भेज दिया गया है।

**परिजनों ने थाने पर काटा हंगामा, दुष्कर्मी को बचाए जाने का लगाया आरोप:** मानक नगर थाने पर मंगलवार सुबह परिजन समेत स्थानीय लोगों ने पहुंचकर पुलिस पर आरोपित को बचाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। आरोप रहा कि उनकी पुत्री के साथ रेप हुआ है लेकिन पुलिस मासिक धर्म का हवाला दे आरोपित को बचा रही है इस दौरान भाजपा के एक नेता वर्तमान पार्षद ने भी पुलिस पर आरोप लगा मौके पर अपने टीम संग पहुंचे आलमबाग थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने आक्रोशित परिजनों को शांत कराने में जुट गए और उचित सही कार्यवाही का आश्वासन दे और उसमें बाधा उत्पन न करने की बात कह आक्रोशित लोगों को शांत कराया जिसके बाद आरोपित को जेल भेजने की कार्यवाही को संपन्न किया जा सका।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में और दो आरोपी बंदी

**लखनऊ।** बंथरा पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिक के पिता ने 11 अक्टूबर की शाम 5:00 बजे बंथरा थाने में तहरीर देकर पांच नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के अधिकारियों द्वारा इन अपराधियों पर 25- 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। बंथरा पुलिस का कहना है कि मुखबिर की सूचना पर पता चला कि शिवकुमार कश्यप और विशाल गुप्ता कटी बगिया मोहनरोड मार्ग नाले के पास खड़े है। जहां से बंथरा पुलिस पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वही आरोपी राजेंद्र कुमार उर्फ बाबू को 17 अक्टूबर को बंथरा पुलिस ने मुठभेड़ में हरौनी गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वांछित दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सर्विलांस के संयुक्त टीम द्वारा लगातार पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है और उन पर भी 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है कबंथरा पुलिस ने शिवकुमार कश्यप उर्फ छोटू कश्यप 29 वर्ष और विशाल गुप्ता 23 वर्ष को हरौनी स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रजिस्ट्री न करने का लगाया आरोप

लखनऊ। पुलिस आयुक्त दक्षिणी के आदेश पर सरोजनीनगर थाने में जमीन का पैसा लेने के बावजूद भी रजिस्ट्री न करने का मुकदमा दर्ज कराया। उबैदुल निवासी पसंन्दबाग, अम्बरगंज थाना ठाकुरगंज, लखनऊ का कहना है कि वह 2016 में यादव संस प्रॉपर्टीज कंस्ट्रक्शन हेड ऑफिस बालाजी कंपलेक्स हिन्दनगर मोड कानपुर रोड पर प्रहलाद कुमार यादव से मिले जो कि कंपनी बनाकर चंद्रावल कानपुर रोड पर जमीन की प्लाटिंग का काम करते हैं। पीड़ित का कहना है कि वह उनसे 299 रुपए प्रति वर्ग फिट की दर से 1800 वर्ग फिट की जमीन बुक कराये और 75000 हजार रुपये 25 जनवरी 2016 को चेक व नगद के रूप में दे दिया था। शेष बची हुई धनराशि का वह 36 महीने की किस्त के रूप में जमा कर दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुमाई विकास खण्ड महुआ, बांदा**

पत्रांक मेमो/04.11.2025-26 — दिनांक-04.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुमाई के सुखारी पुरवा में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत गुमाई में सुरेश के घर से अरूण के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, पी0डब्लू0 डी0, लघु सिंचाई एवं जिला पंचायत आदि में पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत आपूर्तिकताओं से दिनांक 05.11.2025 से 11.11.2025 के समय 04.00 बजे तक मुहरबंद निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है, जो उस दिन अपरान्ह 05.00 बजे तक आपूर्तिकताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 05.11.2025 से 11.11.2025 तक ग्राम पंचायत गुमाई से की जाएगी। बिना कारण बताए सभी निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | योजना का नाम | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गुमाई के सुखारी पुरवा में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 9.98 लाख | पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग | तीन माह |
| 2 | ग्राम पंचायत गुमाई में सुरेश के घर से अरूण के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 2.40 लाख | पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग | एक माह |

**शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होंगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता/कुटेशन डालने से पहले कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री आपूर्ति निर्धारित अवधि मे पूर्ण न करने पर बिना नोटिस दिए अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा। 6. नियमानुसार स्टांप ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत गुमाई**
**विकास खण्ड महुआ, बांदा**

# ट्रैक्टर की टक्कर से बुलेट सवार दो युवक घायल, एक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके मे एक ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बुलेट पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कक सुचना पर पहुंची सरोजनी नगर पुलिस तीनो घायल युवकों को सरोजनी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया। जहाँ पर एक व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों अन्य घायलों का इलाज चल रहा हैं। सुचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा के पिंवट स्थिति रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बुलेट मोटर साईकिल मे टक्कर हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने देखा की एक रॉयल इंफील्ड बुलेट यू पी 32 पी वी 3888 पर तीन लोगो मे संचित पुत्र शिव राज निवासी पिंवट सरोजनी नगर, उमेश पुत्र राम गोपाल निवासी पिंवट सरोजनी नगर व सुनील पन्ना पुत्र कुंवर पन्ना निवासी लोहार बग्गा जनपद लोहार बग्गा झारखण्ड बाइक से दरोगा खेड़ा जा रहे थे। तभी एक लाल रंग के महिंद्रा डी आई 475 ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। इस टक्कर मे तीनो युवक गंभीर रुला से घायल हो गए। घटना कक सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तीनो घायलों को एम्बुलेंस के जरिये सरोजनी नगर के सी एच सी अस्पताल लें जाया गया। जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा सुनील पुत्र कुंवर निवासी बग्गा झारखण्ड को मृत घोषित कर दिया। शेष लोगो का इलाज चल रहा हैं और सभी परिजनों को सूचित कर दिया गया। मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया।

## पार्षद गीता देवी ने जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाने में 7 घंटे से मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए बैठी सरोजनीनगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता का आरोप है कि जब जनप्रतिनिधि की ही सरोजनीनगर थाने में सुनवाई नहीं हो रही हैं तो आम जनता का क्या होता होगा। सरोजनीनगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी का कहना है कि वह 3 नवंबर को गौरी बिहार स्थित छठ पूजा स्थल के समीप गईं हुयी थी। जहां पर वहीं के ही रहने वाली साधना गुप्ता, सोनम गुप्ता और कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव ने एकत्र होकर सड़क मार्ग को बंद कर दिया और पार्षद की गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने दिया। पार्षद का कहना है कि छठ पूजा स्थल के पास क्षेत्रीय लोगों द्वारा गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियां रखी गई थी। जिसको वह छठ पूजा स्थल पर रख रहीं थी. जिस पर यह लोग आकर उन पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाने लगे। पार्षद का कहना है कि संजय गुप्ता के द्वारा उन्हें गोली मारने की धमकी देने के साथ ही उनकी पत्नी और उनके साथियों द्वारा हथियार से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता महिलाओं और बच्चे को रास्ते में रोक कर डराया धमकाया गया और कहा गया कि क्षेत्र में यदि पार्षद दिखाई दे तो उनको जान से मरवा दिया जाएगा। साधना गुप्ता का कहना है कि वह जो भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष है। साधना गुप्ता का कहना है कि पार्षद गीता देवी उनकी माता के समान है, उनके साथ वह इस तरह के कोई भी अभद्र व्यवहार नहीं किया है। वही आरोप लगाया कि वह भारतीय जनता पार्टी से पार्षद का टिकट मांग रही थी। इसीलिये पार्षद गीता देवी द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्षद ने इस क्षेत्र में सड़क और नाली का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा था। जिसको लेकर वह लोग उनसे पूछताछ कर रहे थे। तभी पार्षद प्रतिनिधि वहां पर मौजूद लोगों से अभद्र भाषा का व्यवहार किया। जिसको लेकर यह हंगामा हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा वीडियो भी वायरल किया गया।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

नगराम। नगराम पुलिस द्वारा मंगलवार शाम यातयात माह के अंतर्गत गंगागंज नगराम गंगा गंज मार्ग पर पुलिस बल के सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि वाहन चालकों/यात्रियों व राहगीरों को सड़क सुरक्षा एवं यातयात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चेकिंग के दौरान सात दो पहिया वाहन चालकों का बिना हेलमेट में चालान किया गया। चेकिंग अभियान में संदीप कुमार अनुज भाटी उपनिरीक्षक हिमांशु पाण्डेय महिला आरक्षी सुमन पटेल हेड कांस्टेबल राकेश कुमार मिश्रा सिपाही नीलेश पाल शैलेन्द्र कुमार समेत पुलिस बल शामिल रहा।


**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 62/ECTC(L)/ 2025-26 :** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 62 **कार्य का नाम :-57-जार्ज टाउन, प्रयागराज पर स्थित परिसर के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों एवं आवासीय कालोनी का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।** कार्य की अनुमानित लागत :-**रु. 18.72 लाख।** कार्यावधि :-15 माह अथवा DOS जारी करने की तिथि से दिनांक 31.03.2027 तक। उक्त निविदा Technical Bid की एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.up-ptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्रप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 21.11.2025 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 22.11.2025 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 3359, दिनांक 04.11.2025)**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-चौक, लखनऊ**

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना : 46/EUDC-Chowk/2025-26: वि.अ.सं. 4884, दिनांक 04.11.2025 | |
| कार्य का नाम : बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 मद में 01 नग 33 के.वी. आर.एम.यू. उनके मूल निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं द्वारा क्रय किये जाने हेतु। | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 3540.00 | धरोहर राशि : रु. 40000.00 |
| ई-निविदा की अंतिम तिथि : 11.11.2025 | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। | |

# शुभ संयोग में देव दिवाली आज, सुख-समृद्धि के लिए होगी पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक मास की पूर्णिमा का दिन हिंदू पंचांग के अनुसार अत्यंत शुभ माना गया है। इस वर्ष बुधवार, 5 नवंबर 2025 को कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु देशभर में पवित्र नदियों विशेषकर गंगा, यमुना और गोदावरी में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन किया गया स्नान, दान और दीपदान हजार गुना फल देता है। गंगा तटों पर संध्याकाल में भव्य गंगा आरती और दीपोत्सव का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है, जिसे देव दीपावली के नाम से जाना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस बार की देव दीपावली अत्यंत विशेष मानी जा रही है। 5 नवंबर को भद्रावास योग समेत कई शुभ और दुर्लभ योग बन रहे हैं। इन शुभ संयोगों में भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करने से मनुष्य को मनोवांछित फल प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

देव दीपावली के दिन भद्रावास योग का दुर्लभ और शुभ संयोग भी बन रहा है। यह योग सुबह 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भद्रा स्वर्ग लोक में रहेंगी, जिसे शास्त्रों में अत्यंत मंगलकारी माना गया है। मान्यता है कि जब भद्रा स्वर्ग या पाताल लोक में रहती हैं, तो पृथ्वी पर सुख-समृद्धि और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस योग में भगवान शिव की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन से दुख और बाधाएँ दूर होती हैं तथा सौभाग्य और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिष गणना के अनुसार इस वर्ष देव दीपावली के दिन शिववास योग का अत्यंत मंगलकारी संयोग बन रहा है। यह योग शाम 6 बजकर 48 मिनट से प्रारंभ होगा। इस विशेष योग में भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करने से सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

माना जाता है कि शिववास योग में की गई पूजा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का वास होता है। देव दीपावली के दिन बव करण और बालव करण के संयोग बन रहे हैं। बव करण का समय संध्याकाल 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, जिसके बाद बालव करण का आरंभ होगा। ज्योतिष के अनुसार इन दोनों करणों में शिव-शक्ति की उपासना अत्यंत फलदायी होती है। इस समय श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से सभी इच्छाएँ पूरी होती हैं और साधक को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है

**देव दीपावली का मुहूर्त:** इस वर्ष देव दीपावली का पावन पर्व 5 नवंबर 2025, बुधवार को मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर की देर रात 10 बजकर 36 मिनट से आरंभ होकर 5 नवंबर की शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार पर्व का मुख्य उत्सव 5 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन गंगा आरती और दीपदान का शुभ समय संध्याकाल 5 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। इसी अवधि में श्रद्धालु भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर पुण्य अर्जित करेंगे।

**देव दिवाली की पूजा विधि :** पूजा करने से पहले गंगा नदी या किसी पवित्र जल में स्नान करें। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद पूजा स्थल को अच्छे से साफ कर लें। घर के मंदिर या आंगन में दीप जलाएं। भगवान शिव और गंगा माता की पूजा करें। शिवलिंग पर जल, दूध, और बेल पत्र अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव की आरती करें। मां गंगा को दीप अर्पित करें और आरती करें। भगवान विष्णु को तुलसी के पत्ते अर्पित करें। भगवान विष्णु की आरती करें और मंत्र का जाप करें। भगवान शिव, मां गंगा और भगवान विष्णु को भोग अर्पित करें।

## कार्तिक पूर्णिमा आज, स्नान-दान का होगा विशेष महत्व

लखनऊ। हिंदुओं के लिए जिस तरह से कार्तिक माह विशेष है, उसी तरह पूर्णिमा का खास महत्व है। यह धार्मिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर 2025 को मनाई जाएगी। यूं तो कुछ भक्त कार्तिक में पूरे माह स्नान करते हैं। कुछ तो गंगा किनारे कल्पवास तक करते हैं, किंतु कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने से पाप नष्ट हो जाते हैं। मोक्ष की प्राप्ति होने की मान्यता है। जीवन की परेशानी दूर हो जाती है। शांति-समृद्धि आती है। इसलिए स्नान के बाद भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। स्नान करने के बाद दान करने से समृद्धि आती है।

**कार्तिक प्रूणमा पर दान-स्नान का मुहूर्त:** इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और दान-पुण्य करने का शुभ मुहूर्त सुबह 04 बजकर 52 मिनट से लेकर सुबह 5 बजकर 44 मिनट तक रहने वाला है. इस शुभ घड़ी में आप गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान कर सकते हैं. इसके बाद सुबह की पूजा का मुहूर्त सुबह 07.58 बजे से सुबह 09.20 बजे तक रहेगा. जबकि शाम को प्रदोष काल में पूजा का मुहूर्त शाम 05.15 बजे से शाम 07:05 बजे तक रहेगा।

**कार्तिक पूर्णिमा की पूजा विधि:** कार्तिक की पूर्णिमा तिथि के दिन ब्रह्म मुहूर्त में नदी में स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। वहीं, अगर आप नदी में स्नान नहीं कर सकते हैं तो नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर घर में ही स्नान करें। कार्तिक की पूर्णिमा तिथि के दिन पूरे विधि विधान से लक्ष्मी नारायण की पूजा करनी चाहिए। इस दिन प्रभु को पीले रंग के फल, फूल और वस्त्र चढ़ाना चाहिए। वहीं, कार्तिक पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण की कथा पढ़ना बेहद शुभ माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का व्रत रखने और इस दिन लक्ष्मी नारायण की विधिवत पूजा करने से घर में सुख, संपत्ति और खुशहाली बनी रहती है।



## 2.51 लाख दीयों से रोशन होगा गोमती किनारे उपवन घाट





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर काशी में दिवाली मनाने आते है, हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दिवाली मनाई जाती है। राजधानी में सबसे मुख्य व सबसे बड़ा आयोजन मनकामेश्वर उपवन घाट गोमती तट पर किया जात है। इस बार 5 नवम्बर को होगा। सन 2015 से शुरू हुआ आयोजन हर वर्ष भव्यता प्रदान कर र रहा है। मनकामेश्वर मन्दिर की महंत देव्या गिरि के सानिध्य में पुजारी गौरजा गिरि द्वारा सम्पन्न होगा।

महंत ने बतायाकि घाट पर देव दिवाली के दिन लाखों दीपों को प्रज्वलित करने के साथ ही गुरु नानकदेव जी का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। महंत देव्या गिरि की मौजूदगी में काशी की तर्ज पर 11 मंचों से गोमा की महाआरती होगी और 2.51 लाख दीप जलाने की तैयारी है। पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। लोग अपने अपने घरों से गोबर से बने दीपक मन्दिर में जमा करने लगे है। इस बार गाय के गोबर से बने लाखों दीप भी देव दीपावली पर जलेंगे। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर काशी में दिवाली मनाने आते है, हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दिवाली मनाई जाती है।

मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 5 नवंबर को शाम 6:00 बजे देव दिवाली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त दीपक प्रचलित करेंगे। उन्होंने बताया कि धनतेरस और दीपावली में भी श्रद्धालु लोग बड़ी संख्या में मंदिर में पूजा अर्चना करने आते हैं। इसे लेकर भी मंदिर में साफ सफाई व सजावट के काम शुरू हो गया है। महंत ने लोगों से अपील की है कि दीपावली के दिन हर वर्ष गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को खरीदने के बजाय उन्ही पानी मूर्ति को ही इस्तेमाल करना चाहिए। हर साल उन्हें गोमती में या पेड़ के नीचे रख देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हर साल दीपावली का पूजन करने के बाद गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को सम्मान पूर्वक मंदिर में रखें और हर साल उन्हीं की पूजा करें।


**छात्र-छात्राओं ने बनायी रंगोली:** संस्था नमोस्तुते मां गोमती की ओर से सोमवार से आरम्भ हुए देव दीपावली उत्सव के दूसरे दिन, मंगलवार को मनकामेश्वर उपवन घाट परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मकता और सांस्कृतिक भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे रंगों से सजी विद्यार्थियों की आकर्षक रंगोलियाँ घाट परिसर को भव्य और मनमोहक बना रही थीं। प्रत्येक रंगोली में स्वच्छता, धार्मिक आस्था, नदी संरक्षण और एकता का संदेश झलकता नजर आया।



**सनातन महासभा की गोमती आरती आज:** सनातन महासभा द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर 05 नवंबर बुधवार सायं 5:30 बजे झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर 144वी आदि गंगा मां गोमती महाआरती, सनातन समागम एवं विशेष समूह नृत्य व बच्चों/महिलाओं के लिए ग्रंथ गीता/रामायण/राष्ट्र व शरीर विज्ञान प्रश्न प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि देव दीवाली पर गोमती बचाव दीपदान संकल्प व प्रसाद वितरण में बडी.संख्या में लोग हिस्सा लेंगे।

# गुरुद्वारों में श्रद्धापूर्वक आज मनेगा गुरुनानक का प्रकाश पर्व

## राजधानी के सभी गुरुद्वारे रंगबिरंगी लाइटों से हो रहे जगमग, होंगे विशेष आयोजन







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाशोत्सव (जन्मोत्सव) राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रकाश पर्व को लेकर राजधानी के सभी गुरुद्वारे रंगबिरंगी लाइटों से जगमगा रहे हैं।

ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला एवं डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। शाम का दीवान गुरुद्वारा नाका हिंडोला में फूलों और बिजली की झालरों से सुसज्जित दरबार हाल में रहिरास साहिब के पाठ के उपरांत शब्द कीर्तन गायन द्वारा संगत को निहाल किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व 15 नवंबर को डीएवी इंटर कॉलेज में प्रात 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे से गुरु का लंगर भी समूह संगत में वितरित किया जाएगा।

**फूलों व गुब्बारों से सजाया गया मानसरोवर गुरुद्वारा:** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ में सिक्खों के प्रथम गुरू साहेब धन-धन श्री गुरू नानक देव जी महाराज का पावन पवित्र प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरूद्वारे में जलाकर एवं गुरूद्वारा साहिब में बड़ी ही खूबसूरती से अन्दर हाल लाईटों, फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। गुरूनानक साहेब जी के प्रकाश पर्व को संगतों ने प्रातः काल सुबह 05:30 बजे प्रभात फेरी बड़ी धूमधाम से निकाली गई। सांयकाल 06:30बजे से विशेष कीर्तन दरबार का शुभारम्भ हेड ग्रन्थी ने श्री रहरास साहेब जी के पाठ से किया।

## यहियागंज में सजा विशेष दीवान, फूलों की होगी वर्षा

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर मंगलवार शाम को 7:00 बजे से देर रात तक विशेष दीवान सजाया गया।

गुरुद्वारा साहब को विशेष प्रकार के फूलों एवं लाइटों से सजाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री अमृतसर से ज्ञानी जसवंत सिंह परवाना जी एवं भाई सुखप्रीत सिंह जी एवं भाई गुरु फतेह सिंह जी दिल्ली वालों ने कथा एवं शबद कीर्तन द्वारा सगंतो को निहाल किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने बताया कि 5 नवंबर को रात्रि 1:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष मिष्ठान प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

**सदर गुरुद्वारे में सजेगा विशेष दीवान :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन सदर गुरुद्वारे में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती पर 5 नवंबर को उल्लासपूर्वक मनाई जाएगी। सरदार तेजपाल सिंह रोमी ने बताया कि इस साल गुरु नानक देव की जयंती मनाई जा रही है। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह आसा दी वार से होगा। उसमें हजूरी रागी भाई बिंदर जी कीर्तन करेंगे। मुख्य दीवान सुबह 7 बजे से 1.30 बजे तक और रात्रि दीवान 7 बजे से 9.30 बजे तक होगा। हेड ग्रंथी कथा कहेंगे।

# स्वदेशी संकल्प के साथ जलाये गये 2100 दीपक, सजा कुड़ियाघाट



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती की नित्य आरती के 21 वर्ष पूर्ण होने पर आज कुड़िया घाट पर भव्य देव दीपावली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने सभी लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपने का संकल्प दिलाया जिससे भारत आत्मनिर्भर बन सके।

श्री शर्मा ने शुभ संस्कार समिति एवं रोटी कपड़ा फाउंडेशन के सदस्यों को लगातार गोमती संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के लिए बधाई दी। घाट पर 2100 दीपक से ओम. स्वस्तिक जय श्री राम आदि भक्तों ने बनाया। इस अवसर पर डॉक्टर शर्मा ने लक्ष्मीकांत पांडेय, डॉ विवेक टंगड़ी, ज्ञान किशोर श्रीवास्तव, रिद्धि किशोर गौड़, कृष्णानंद राय को स्वदेशी ब्रांड एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया। देव दीपावली के अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा पार्षद मनीष रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत मां गोमती की भव्य आरती उतारी गई। देव दीपावली में मुख्य रूप से रोटी कपड़ा फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश आनंद, उपाध्यक्ष आकांक्षा आनंद, अजय मेहरोत्रा ,आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, धर्म रक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रदीप कुमार, अतुल गुप्ता राजेश शुक्ला सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित कपिश्वर वैदिक गुरुकुल के बच्चों ने, वेद पाठ कर कार्यक्रम का प्रारंभ कराया।

## गीत-संगीत से सजी यूपी दर्शन की शाम



**लखनऊ।** प्रगति इवेंट एवं जिंग पार्क के माध्यम से यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर में चल रहे यूपी दर्शन उत्सव में उमड़ी जनता द्वारा खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्या का भी आनंद उठाया जा रहा है। प्रगति इवेंट के मंच पर आज सांस्कृतिक संध्या में हरदोई शहर की तीन मशहूर गायकी के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही तिगड़ी द्वारा एक से एक बेहतरीन नागमो से उपस्थितप्रस्तुत लोगों का मन मोह लिया उस्मान सिद्दीकी, अक्दस कुरैशी, और दुर्गेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आ लोट के मेरे मीत, तेरे वास्ते मेरा इश्क सूफियाना, आज की रात दिल की सलामी, जरा सामने तो आओ छलिए, सजन रे झूठ मत बोलो, चले थे साथ मिलके गानो ने सबका हृदय जीत लिया। संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इसी क्रम में विशेष रूप से प्रिया सिंह चौहान को सम्मानित किया गया।

# फीचर फिल्म 'लाल दाना' का मुहूर्त आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रियल आर्ट आफ नेशनल इंटरटेनमेंट के बैनर पर बनने वाली फीचर फिल्म 'लाल दाना' कार्तिक पूर्णिमा के दिन बुधवार पांच नवम्बर को नौ बजे चन्द्रिकादेवी मंदिर में होगा। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान मुख्य अतिथि होंगे। पूरी तरह लखनऊ और इस पास शूट होने वाली इस भोजपुरी फिल्म के बारे में निमार्ता द्वय राजेश श्रीवास्तव और राजीव प्रकाश ने बताया कि फिल्म के निर्देशन का दायित्व सत्येंद्र एन दुबे कर रहे है। कल मुहूर्त शाट चंद्रिका देवी मंदिर में नायक अनिल कृष्णा और सहनायिका अनन्या सिंह की शादी का होगा।

फिल्म की नायिका स्वर्ग जैसन घर हमार, पिया मिलन, एसपी देवी, अनाड़ी, हम हैं निरहुआ की दीवानी और काली



दुल्हन जैसी फिल्में कर चुकी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत नायिका रूपा मिश्रा हैं। साथ ही गायिका अनन्या सिंह को सहनायिका के रूप में इण्ट्रोड्यूज किया जा रहा है। नायक अनिल कृष्णा चिरय्या न बोले, बुलडोजर वाली सास, कलयुगी ब्रह्मचारी, तेरा मेरा साथ रहे, सौगंध भोले नाथ की, मोटली दुल्हनिया और बबुनी हमार जैसी सफल फिल्में दे चुके हैं। राहुल दुबे की कथा पटकथा पर बन रही ये एक रोचक थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म में रहस्य रोमांच के साथ रोमांस का अद्भुत समावेश देखने को मिलेगा। फिल्म बाल विवाह, मनोचिकित्सा और तंत्र विद्या पर भी प्रहार करती है। आज के वैज्ञानिक युग में रूढ़ वादी परंपराओं को भी इस फिल्म में बहुत सुंदर तरीके से प्रदर्शित किया जायेगा। विजय पाण्डेय की सिनेमैटोग्राफी वाली फिल्म में एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर नरेंद्र कनौजिया हैं। संगीत अनुज कुमार तिवारी का है। प्रोडक्शन मैनेजर दुर्गेश चौहान के साथ प्रोडक्शन में देवेन्द्र मोदी, राजवीर रतन, रमेश यादव, मशहूर और अशोक प्रमुख जिम्मेदारियां सम्भाल रहे हैं। बनारस के उमाकांत राय और रायबरेली के गौरव कुमार के साथ स्थानीय कलाकारों में बीना वर्मा, सुनीता राय, मोनिका अग्रवाल, सीएसआर सिंह, बालकृष्ण शर्मा, मोनिका अग्रवाल, इशिता वार्ष्णेय, शालिनी चंद्रा, अनुपमा, मोनिका अग्रवाल, पंकज सक्सेना प्रमुख हैं।


## कार्यालय उपजिलाधिकारी महमूदाबाद सीतापुर

पत्रांक: 1141/ नदी/नीलामी/2025-26 दिनांक: 18-10-2025

**नीलाम सूचना**

मत्स्य विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उ0प्र0सहकारी अधिनियम 1965 के अन्तर्गत पंजीकृत एवं विधिमान्य समस्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-33/ एक-2-2019-10(रिट)/2018 दिनांकः 10-1-2019 के अनुपालन में तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर में बहने वाली नदियों में आगामी एक वर्ष अर्थात 30-06-2025 तक के लिये मत्स्य आखेट हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी महमूदाबाद जिला सीतापुर की अध्यक्षता में गठित नीलाम समिति द्वारा दिनांकः 07-11-2025 व 21-11-2025 एवं 10-12-2025 को समय 12.30 बजे तहसील महमूदाबाद में सम्पन्न कराई जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | खण्ड सं. | नदी का नाम | कहाँ से | कहाँ तक | आरक्षित मूल्य | बयाने की धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | चौका नदी 8.00 कि.मी. | तुलसीपुर खरिका | गडचपा | 60357.00 | 6500.00 |
| 2 | 7 | सुमली चैरारी 8.035 कि.मी. | रूदाइन | शिकारपुर | 60621.00 | 6700.00 |

**नोट:-** इच्छुक समिति कार्यक्षेत्र सम्बन्धी अभिलेख/समिति पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं बोली में भाग लेने हेतु संचालक मण्डल का अधिकार पत्र/प्रस्ताव सहित उक्त तिथि को नीलामी में भाग लें। नियमों एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कमरा नं. 310, 316 विकास भवन सीतापुर एवं कार्यालय उप जिलाधिकारी महमूदाबाद से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

सहायक निदेशक मत्स्य
सीतापुर

UPID-239744 Date: 03.11.25 Website : www.upgov.nic.in

# स्वच्छ ऊर्जा में प्रगति

सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोई भी राष्ट्रीय संकल्प ठान ले और उसमें अपेक्षित जन भागीदारी भी हो, तो ऐसे संकल्पों के पूरा होने में कोई संशय नहीं रहता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोलर क्रांति का सपना अब आकार ले चुका है। विगत सितम्बर माह तक देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता 90.7 गीगावाट तक पहुंच गयी। भारत के लिए यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस देश में ऊर्जा संकट गंभीर चुनौती रही हो, वहां ऊर्जा सरप्लस की स्थिति बनना, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सौर ऊर्जा में ऊंची छलांग लगाते हुए हरित ऊर्जा के संकल्प को साधना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किये हैं। भारी निवेश आकर्षित किये, सोलर पैनल के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में लाया गया और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के जरिए सौर ऊर्जा को जनक्रांति बनाने की पहल की गयी। इसी का परिणाम है देश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। यही प्रगति भविष्य में जारी रही तो 2032 तक 366 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सरकार प्राप्त कर लेगी। वैसे किसी भी क्षेत्र में तेज प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल, प्रशिक्षित श्रम और



वित्तीय संसाधन के साथ ही सरकारी नीतियों की अहम भूमिका होती है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी है। इससे उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए सिस्टम के आकार, लाभ की गणना, वेंडर की रेटिंग आदि से संबंधित सूचना नेशनल पोर्टल पर ही मुहैया करवाई जाएगी, ताकि व्यक्ति को निर्णय लेने में आसानी होगी। उपभोक्ता 3 किलोवाट के आवासीय आरसीएस सिस्टम के लिए 7 प्रतिशत की दर से कर्ज भी ले सकेंगे। इस नेशनल पोर्टल से 20 बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान जुड़े हुए हैं। ये बैंक और संस्थान उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए ऋण मुहैया करा रहे हैं।

## विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

–बाल गंगाधर तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

# आर्थिक आंकड़ों के मिथक को समझिये



मनोहर मनोज

बिहार विधानसभा चुनावों के पहले दौर का चुनाव प्रचार इन पंक्तियों के लिखे जाने के कुछ घंटे बाद समाप्त हो जायेगा, लेकिन अभी पूरा एक पखवारा विधानसभा चुनावों की सरगर्मी जारी रहेगी। इस पूरे समय बल्कि ज्यादातर समय में बिहार की जब भी राजनीतिक चर्चा होती है, तो उसका सबसे प्रमुख विषय होता है- बिहार की नाकामियां। क्या सचमुच बिहार इस कदर नाकाम प्रदेश है ?

बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों और मीडिया दोनों के द्वारा बिहार की जो आर्थिक तस्वीर पेश की जा रही है, वह वास्तव में भ्रम पैदा करने वाली है। क्योंकि पेश किये जा रहे आंकड़ों में प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद, प्रति व्यक्ति आय, शहरी आबादी का प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र का योगदान और कमोबेश मानव विकास की साधारण हासिल दर। इन सभी के जरिये बिहार को देश का सबसे निचले पायदान का प्रदेश दिखाया जा रहा है। लेकिन यह तस्वीर आकड़ों के लिहाज से एक मिथक ही लगती है, इसलिए नहीं कि ये आंकड़े गलत हैं बल्कि इसलिए कि अगर वास्तविकता में देखें तो बिहार का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य कई मामले में काफी आशाजनक भी है। क्योंकि उपरोक्त स्टीरियोटाइप आकड़ों के अलावा बिहार में ऐसे कई और सामाजिक आर्थिक निर्देशांक हैं, जिनके सही आंकड़े सामने लाये जाएं तो बिहार देश के तमाम प्रदेशों के बीच एक सम्मानित स्थान का भी हकदार बनता है।

मिसाल के तौरपर बिहार के करीब 45 हजार गांवों में ग्रामीण आधारभूत संरचना की स्थिति काफी अच्छी है, जहां ग्रामीण सड़क निर्माण की एक बड़ी क्रांति हुई है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार के गांवों में सड़कों का बेहतरीन नेटवर्क दिखाई देता है। ग्रामीण विद्युतीकरण के मामले में बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य था, जहां आधी आबादी अभी कुछ सालों पहले तक बिजली से वंचित थी, वहां अब शत-प्रतिशत घरों में 24 गुणे 7 बिजली का उपलब्ध होना और वह भी बिना किसी अपने बड़े बिजली प्लांट के, अपने आपमें एक बड़ी बात है। दूसरी बात करें तो ग्रामीण पेय जल और प्राथमिक विद्यालयों की आधारभूत संरचना के मामले में भी बिहार देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। तीसरी बात, बिहार में आधी आबादी का सशक्तिकरण भी खूब हुआ है, चाहे इनके शैक्षिक उत्थान की स्थिति हो, पंचायत के जरिये इनकी 50 प्रतिशत राजनीतिक भागीदारी की बात हो और फिर इनकी स्व-सहायता समूहों के जरिये आजीविका मिशन में मिली बड़ी कामयाबी बात हो। बिहार की तस्वीर देश के कई प्रदेशों से ज्यादा बेहतर है। दरअसल बिहार के आर्थिक विकास के आंकड़ों का मिथक इसीलिए सुनहरी तस्वीर नहीं दिखा पाता, क्योंकि बिहार में देश




के अन्य राज्यों की तरह बड़े पूंजीपति और कारपोरेट समूह नहीं हैं। यहां देश के तीन बड़े राष्ट्रीय स्तर के व्यवसायियों का कोई भी निवेश नहीं है। यही नहीं बिहार में पटना के अलावा इसके समक्ष समकक्ष का कोई दूसरा शहर नहीं है, क्योंकि झारखंड के अलग होने के बाद दस लाख की आबादी के करीब के तीन बड़े शहर इस प्रदेश से निकल गये हैं। अभी करीब 25 लाख आबादी वाला पटना प्रदेश का एकमात्र बड़ा शहर है, जबकि इसके बाद राज्य के दूसरे बड़े शहर पांच-पांच लाख की आबादी तक भी नहीं पहुंचे हैं। तीसरी बात यह भी है कि बिहार में देश के अन्य राज्यों की तरह कोई भी विशेष औद्योगिक शहर भी नहीं है। साथ ही बिहार में कृषि प्रधान प्रदेश होने की वजह से औद्योगिक विस्तार के लिए ज्यादा भूमि भी उपलब्ध नहीं है। वास्तव में ये चार ऐसे फैक्टर हैं, जिससे किसी भी राज्य के सकल घरेलू उत्पाद पर बड़ा प्रभावी असर पड़ता है। लेकिन अगर बिहार के समकक्ष देश के अन्य बीमारू राज्यों मसलन- यूपी, एमपी और राजस्थान से इसकी तुलना की जाए तो इन राज्यों की जैसी परिस्थितियां भी बिहार में नहीं है। उदाहरण के लिए पड़ोसी राज्य यूपी को ही लें यहां राजधानी लखनऊ के समकक्ष करीब आधे दर्जन शहर हैं। यूपी में राजधानी दिल्ली की सीमा से सटे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के रूप में बड़े औद्योगिक शहर मौजूद हैं। यूपी के सकल घरेलू उत्पाद में इन तीन शहरों का अकेले उत्पादन 15 प्रतिशत के बराबर है। इसी तरह एमपी को खनिज और पर्यटन तथा राजस्थान को खनन और पर्यटन का लाभ है। इस तरह का लाभ बिहार के पास नहीं है। अभी बिहार में मुश्किल से 12 प्रतिशत आबादी ही शहर निवासी है, जबकि यूपी की करीब 28 प्रतिशत और करीब करीब इतनी ही मध्य प्रदेश व राजस्थान की आबादी शहरवासी है।

**बिहार विधानसभा चुनाव-2025**

बिहार के विकास के पैरोकार शुरू से ही इस बात की बड़ी दुहाई देते रहे हैं कि आजादी के बाद भाड़ा समानीकरण की नीति की वजह से अविभाजित बिहार को अपने स्थानीय खनिज सम्पदा का कोई विशेष फायदा नहीं मिला ताकि वे अपने स्थानीय स्थानीय उद्योग, प्रसंस्करण और रोजगार का व्यापक सृजन कर सकते। यही कारण है कि आजादी के शुरूआती दो दशक में देश में सबसे बेहतर गवर्निंग स्टेट का टैग पाने के बावजूद बिहार की मौजूदा स्थिति यह है, जबकि यहां स्थानीय उद्योग, प्रसंस्करण और कुटीर उद्योगों का घना जाल खड़ा हो सकता था।

वर्ष 2005 के बाद बिहार में चैतरफा टर्नअराउंड हुआ इस बात की स्वीकारोक्ति नितीश कुमार के विरोधी भी करते है। मगर सवाल यही है कि बिजली, सड़क, पानी, कानून व्यवस्था और आपदा राहत के कार्यों के इतर बिहार में औद्योगिक प्लांट, शहरी विस्तार और शिक्षा व रोजगार के व्यापक नेटवर्क क्यों नहीं विकसित नहीं हो पाए? कुछ पुरानी चीनी मिलें, सीमेंट और उर्वरक के कारखाने पुनःशुरू होने के अलावा यहां बड़े उद्योग बड़े पैमाने पर नहीं आये। शायद इसका कारण यह भी है कि राज्य सरकार का सदैव मानना रहा है कि कृषि प्रधान राज्य में भूमि अधिग्रहण के जरिये सामाजिक अशांति लाना उचित नहीं है। ये बात सही है कि इस वजह से बिहार में किसानों की आत्महत्या, जमीनों का ऊसर बंजर होना तथा औद्योगिक अशांति जैसी स्थिति कभी उत्पन्न नहीं होती। एक मामले में नितीश सरकार की निष्क्रियता निश्चित रूप से सवालिया निशान पैदा करती है। बिहार से हर तरह की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिए उच्च व पेशेवर शिक्षा का आधारभूत ढांचा सालों बाद भी निर्मित नहीं हो पाया। यही वजह है कि बिहार में औद्योगिक अशांति तो नहीं पैदा होती, लेकिन महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट भी नहीं आये। जबकि आज देश के अनेक राज्य चाहे उत्तराखंड हो, राजस्थान हो, मध्यप्रदेश हो या दक्षिण के सारे राज्य सभी ने अपने यहां एजुकेशन सिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर की भरमार कर ली है। लेकिन बिहार में केवल सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ चंद शैक्षिक संस्थानों को छोड़ दें, तो निश्चित ही स्थिति निराशाजनक है। बिहार से श्रमिकों के पलायन की बात करें तो कुछ राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी इसे ऐसे पेश करते हैं, जैसे ये वहां की कोई कुप्रथा हो और बिहार भारत का हिस्सा न हो, जिस कारण यहां के कामगार बिहार से बाहर जाकर कोई अवैध कार्य कर रहे हों।

ऐसे लोगों को यह बात समझनी चाहिए की समूचा भारत देश अपने आपमें एक आर्थिक प्लेटफार्म है, जहां देश के हर इलाके व प्रांत के उत्पादन के सभी कारक अपने अपने एडवांटेज के मुताबिक गतिशील रहते हैं। क्योंकि किसी भी अर्थव्यवस्था में श्रमिकों का गतिशील होना एक सकारात्मक स्थिति है। श्रमिकों की मांग और आपूर्ति नियम के तहत बिहार के श्रमिकों की यदि देशव्यापी मांग होती है, तो यह बिहार के लिए एक बेहतर बात है। वैसे भी इन लोगों को यह जान लेना चाहिए कि बिहार की अर्थव्यवस्था में श्रमिकों की बाहर से भेजी गई आय की एक बड़ी भूमिका है। साथ ही वहां के ग्रामीण परिवार के जीवन स्तर को बढ़ाने में इसका योगदान उल्लेखनीय है। यह ठीक वैसे ही है जैसे केरल की अर्थव्यवस्था में पेट्रो डॉलर का योगदान है। इसके अलावा पेशेवर शिक्षा का व्यापक नेटवर्क, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण बिहार के विकास के भावी एजेंडे हैं। इससे कोई भी सत्तारूढ़ दल अपने को विलग नहीं रख पायेगा।

## सोशल मीडिया



आश्चर्य है कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी बिहार में 17, 24 व 31 अक्टूबर को दस हजार रुपये लाभार्थियों के खाते में डाली गयी। यह आचार संहिता का मजाक है। अशोक गहलोत.



महर्षि दयानंद सरस्वती ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने गुलामी के दौर में राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। वे जानते थे, भारत को आगे बढ़ना है तो जंजीरों को तोड़ना होगा। पीएम, मोदी.



राजग शासन महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उन्हें सशक्त करने के लिए लगातार काम कर रही है, बिहार में बिजली खर्च कम हुआ है, तय यूनिट बिजली फ्री है। -केशव प्रसाद

# इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# फिर सज गयी न्यूज की मंडी

व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है। चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।



रामविलास जॉगिड़

# सर्दियों के मौसम में त्वचा का रखिये खास ख्याल



सौंदर्य/देखभाल

नीलोफर

नवंबर महीना शुरू होते ही सुबह और शाम के वक्त हल्की ठंड पड़ने लगती है। उत्तर भारत में धीरे-धीरे ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है। देश के पहाड़ी इलाकों में तो नवंबर में अच्छी खासी ठंड पड़ने लगती है। अक्टूबर और नवंबर माह को घूमने के लिए सबसे सही माना जाता है। क्योंकि इन दिनों गर्मी कम होती है और हल्की ठंड में घूमने-फिरने ही नहीं खाने पीने का भी मजा आता है। लेकिन सर्दियां शुरू होते ही पैरों की एड़ियां फटने लगती हैं, त्वचा में रूखापन आ जाता है। हाथों और पैरों की त्वचा रूखी होती है और उसमें यदि हम चिकनाई का इस्तेमाल न करें तो खुजली होने लगती है। ऐसे में इस मौसम में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताते हैं, जिनसे आप अपने हाथों पैरों को मुलायम रख सकते हैं, जो आपकी रसोई में सहज उपलब्ध होंगी।

**ताकि फटी एड़ियां और खुरदरे हाथ आपको न करें परेशान**

गृहणियां अकसर अपने हाथों और पैरों की देखरेख के प्रति लापरवाह होती हैं। क्योंकि घर के कामों में ठंडे, गर्म पानी का असर हाथों और पैरों दोनो पर होता है, जिससे एड़ियां फटने लगती हैं और उनमें बैक्टीरिया के पनपने की आशंका बनी रहती है। इसके लिए सर्दी की शुरूआत होते ही रात को सोने से पहले हाथों और पैरों को अच्छी तरह गर्म पानी से धोकर प्यूमिक स्टोन से एड़ियों को रगड़ें और अच्छी फुट क्रीम फटी एड़ियों पर लगाएं तथा मोजें पहनें। इससे फटी एड़ियों से राहत मिलती है। हाथों के लिए भी रात को सोते समय एक अच्छे मॉश्चराइजर से अपने हाथों की अच्छी मालिश करें और त्वचा के रूखे हिस्सों पर इनको लगाएं।

**बालों की देखभाल**

ठंड की शुरूआत होते ही बालों को गर्म पानी से धोने, उन्हें बार बार धोने, उनके देरी से सूखने, गीले बालों को बांधने के कारण बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। इन्हें सही रखने के लिए जरूरी है कि बालों को ज्यादा गर्म पानी से न धोया जाए। इनमें रूसी और रूखापन न आए इसके लिए सिर की गुनगुने तेल से मालिश करें और सुबह बालों को शैंपू कर लें।

**होंठों की देखभाल**

हल्की सर्दियों के मौसम में भी होंठ रुखेपन के कारण फटने लगते हैं। उनके किनारों में रुखापन आने से कई बार जख्म हो जाते हैं। इसके लिए होंठों को अच्छी तरह साफ करने के बाद उनमें लिप मॉश्चराइजर लगाएं और यदि आप लिपिस्टक लगा रहे हैं तो मैट फिनिश की जगह ऑयल बेस्ड लिपस्टिक का इस्तेमाल करें ताकि होंठों की नमी भी बनी रहे।

**सनस्क्रीम न भूलें**

भले ही हल्की सर्दी की शुरूआत हो चुकी है, तेज गर्मी और धूप न होने के बावजूद बादल या ज्यादा ठंड में भी सूर्य की हानिकारक अल्टावॉयलेट किरणें आपकी त्वचा पर बुरा असर डाल सकती हैं, जिससे त्वचा असमय बूढ़ी होने लगती हैं। ठंड के महीनों में भी हाइड्रेटिंग सनस्क्रीम का इस्तेमाल जरूर करें, जो आपको धूप से सुरक्षा देने के साथ साथ त्वचा को नमी भी दे।

**हाइड्रेट रहें**

सर्दी की शुरूआत होते ही प्यास कम लगती है और पानी पीने के प्रति हम लापरवाही बरतने लगते हैं। अगर हम पर्याप्त मात्रा में पानी न पीएं तो इसका असर हमारी त्वचा पर भी दिखायी देता है। खुद को हाइड्रेट रखें ताकि शरीर से विषैले पदार्थ बाहर जाते रहें। फलों और सब्जियों को अपने भोजन में ज्यादा से ज्यादा शामिल करें।

**डाइट पर ध्यान दें**

सर्दी का हमारी त्वचा की सुंदरता पर सबसे बुरा असर होता है। हमारी डाइट से ही हमारी त्वचा का स्वास्थ्य और सौंदर्य जुड़ा है। इन दिनों अपने भोजन में अलसी, खरबूजे के बीज, नट्स और बैरीज, पालक और एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ अपनी डाइट में शामिल करें। जो हमारी त्वचा के अंदरूनी और बाहरी सौंदर्य में वर्धन करते हैं। सर्दियों के मौसमें में त्वचा का विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती है। इसलिए इस मौसम खान-पान से लेकर त्वचा के स्वास्थ्य तक का बेहतर तरीके से ध्यान रखने की जरूरत होती है।

## आप की बात

### पाकिस्तान के हाथ में कटोरा

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी।

अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। हकी पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सामाजिक सुरक्षा दे रही है।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## आज उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य करेंगी जनसुनवाई

बाराबंकी। आगामी 6 नवम्बर को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता मे कलेक्टेज्ट स्थित डी0आर0डी0ए सभागार में 12 बजे महिला जनसुनवाई आयोजित होगा। जनसुनवाई मे महिला आयोग सदस्या के समक्ष पीड़ित महिलाये अपनी समस्या को प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। जनसुनवाई से पूर्व 11 बजे महिला आयोग सदस्या श्रीमती प्रजापति कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण भी करेगी। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने दी।

## 7 नवंबर को पीएसी हॉकी ग्राउंड पर होगा हाकी टूर्नामेंट

बाराबंकी। हॉकी इंडिया के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 7 नवंबर को उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देश पर सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पूरे देश में एक समय में हॉकी मैच खेला जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मजहर अजीज खान ने बताया कि आगामी 7 नवंबर को पीएसी हॉकी ग्राउंड पर बालिका वर्ग व बालक वर्ग मे दो हाकी टूॅनामेंट खेला जायेगा।

## कार - बाइक की भिड़ंत युवक की मौत , पत्नी समेत दो घायल

बहराइच। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई , वही उसकी पत्नी व कार में सवार महिला घायल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है । पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित खटपुरवा ग्राम के रहने वाले संजय कुमार शुक्ला अपनी पत्नी रामेश्वरी शुक्ला के साथ बाइक से रिश्तेदारी में लखीमपुर जा रहे थे । तभी करीब बारह बजे जब वो मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित समरौहना के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार संख्या यू पी 40 सी वी 9505 ने बाइक में टक्कर मार दी ।जिसके बाद कार भी अनियंत्रित होकर पलट गई , हादसे में संजय की मौके पर ही मौत हो गई ।वही रामेश्वरी व कार में सवार महिला उर्मिला पांडे गंभीर रूप से घायल हो गई । जानकारी पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा हैं।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 17 लाख रुपये की ठगी

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक शख्स के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 17 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है।पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने प्रकरण की तहकीकात शुरू कर दी है।

पीड़ित कोतवाली क्षेत्र के धारा रोड निवासी विजय शंकर यादव पुत्र स्व.राजेन्द्रनाथ यादव का कहना है कि 22 अगस्त 25 को उनको एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया और शेयर मार्किट में ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच दिया गया। इसके बाद एक लिंक भेज कर विभिन्न कंपनियों के शेयर के खरीद-फरोख्त के नाम पर रकम का निवेश कराया गया और वर्चुअल खाते में अच्छी रकम हो जाने के बाद रकम के भुगतान में हीलाहवाली करते हुए औपचारिकताओं के नाम पर मोटी रकम ली गई। कुल मिलाकर साइबर ठगों ने उनसे 17 लाख रुपए ठग लिए। जिसकी शिकायत ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई गई है।

## दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मारपीट,गाली-गलोच और धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है।

मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष से उसरू वैष्णो नगर कालोनी निवासी अवध कुमार दूबे पुत्र स्व. गया प्रसाद तथा इनके बेटों अजय दूबे व अभी दूबे और दुसरे पक्ष के शिवनगर पहाड़गंज कालोनी निवासी मोनू पाठक पुत्र राम प्रकाश व दीपू पुत्र ज्ञानधर तथा उसरू वैष्णो नगर कालोनी निवासी मोहिता पुत्र राम शकल का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है।

# महापौर और नगर आयुक्त ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

## घाटों पर होगी 250 बायोट्वायलेट एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था



अयोध्या।कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सरयू नदी में स्नान के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पेयजल, शौंचालय, सफाई एवं स्नान के बाद कपड़े बदलने जैसी आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने की तैयारी नगर निगम ने पूरी कर ली है।महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थागत जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निरंतर नजर बनाए रखने की हिदायत दी। मंगलवार को सुबह सात बजे महापौर एवं नगर आयुक्त ने कार्तिक पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए तैयारियां का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अपर नगर आयुक्त डा. नागेन्द्र नाथ, भारत भार्गव, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. राममणि शुक्ल भी थे।उन्होंने राम की पैड़ी, सरयूघाट, नागेश्वरनाथ मंदिर, झुनकीघाट, ऋणमोचन घाट, पापमोचन घाट, संत तुलसीदास घाट, चैधरी चरण सिंह घाट, आरतीघाट की साफ-सफाई, प्रकाश, शौचालय, कपड़े बदलने के टेंट और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था निरंतर बनी रहनी चाहिए। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि घाटों पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए नौ स्थायी चेंजिंग रूम, 63 केबिन, 25 टेंट के अस्थाई चेंजिंग रूम तैयार किया गया है, ताकि जिससे महिला श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। घाटों की सफाई के लिए तीन शिफ्ट में 250 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर 250 बायोट्वायलेट खड़े किए गए हैं। पेयजल सुविधा के लिए 25 स्थानों पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।इसके अलावा सभी स्टैंड पोस्ट, वाटर कियाक्स, हैंडपंप क्रियाशील हैं। घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था मुकम्मल कर दी गई है। वाहन पार्किंग स्थलों पर भी प्रकाश की व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने गुरु पूर्णिमा स्नान मेला क्षेत्र को तीन जोन में विभाजित कर सुपर नोडल अधिकारी एवं नोडल अधिकारी नामित कर व्यवस्था के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने सरयू पक्काघाट व कच्चाघाट, आरतीघाट, श्रीरामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन के सामने एवं लता चैक से टेढ़ी बाजार तक के क्षेत्र का सुपर नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, नोडल अधिकारी सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्त को बनाया है। संत तुलसीदास घाट, ऋणमोचन घाट के सुपर नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव एवं नोडल अधिकारी सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे, गुप्तारघाट घाट क्षेत्र के सुपर नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार एवं नोडल अधिकारी अवधपुरी के जोनल अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी होंगे।

## कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर मण्डलायुक्त ने घाटों का किया निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत राम की पैड़ी व कच्चाघाट/पक्का घाट का कल देर रात्रि स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राम की पैड़ी पर मोजो बैरिकेटिंग करने तथा जहां पर स्थल समतल नही है उसको समतल करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।इसी दौरान कच्चाघाट/पक्काघाट पर मजबूती से बेरिकेटिंग करने को कहा।कार्तिक पूर्णिमा स्नान हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है इसके लिए सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ साथ बेहतर व्यवस्था व सुरक्षा के इंतेजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्था सुदृढ़ करें। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाट पर स्नान की व्यवस्था, जल पुलिस द्वारा सुरक्षा की जांच, महिलाओं के लिए बाथरूम व शौचालय की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

## खुले दरवाजे से चोरों ने पर किये नगदी, जेवरात

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र में खुला दरवाजा देख चोरों ने एक घर से नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि कि घर में ही सो रहे परिवार को चोरों की भनक तक नहीं लगी। मामले की जानकारी के बाद पीड़ित से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने संदिग्धों की सुरागरसी शुरू कर दी है। पीड़ित अशोक कुमार पुत्र जगन्नाथ का कहना है कि वह इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित सोनवर्षा हैरिंगटनगंज निवासी हैं। चार वर्षो से वह अपने परिवार के साथ नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित वैष्णो नगर उसरू में किराये का कमरा लेकर रहते है। गर्मी होने के कारण रात में परिवार दरवाजा खोलकर सोया था। इसी दौरान किसी ने रात एक से दो बजे के बीच जेवरात, मोबाइल और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

# अयोध्या में संपन्न हुई राम यात्रा



अयोध्या। महान राम यात्रा, जो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पवित्र पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए चित्रकूट से लंका और फिर वापस अयोध्या तक की गई। यह सोमवार को अयोध्या में अपने दिव्य समापन पर पहुँची। यहाँ मोरारी बापू ने हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में अंतिम राम कथा का वाचन किया। भारत और श्रीलंका की आध्यात्मिक यात्रा पूरी करने के बाद, अयोध्या में हुई इस यात्रा की अंतिम कथा ने सत्य, करुणा और धर्म के गृह आगमन से परिचय कराया। भगवान राम की जन्मभूमि में हुई इस पवित्र कथा में देश-विदेश से आए भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। एक सुंदर प्रतीकात्मक पल में, बापू के ह्यपुष्पह्ल यानी उनके प्रिय अनुयायी विमान से बापू के साथ अयोध्या लौटे। यह दृश्य मानो भगवान श्रीराम की उस लंका विजय के बाद की वापसी की याद दिला रहा था, जब वे पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे। सैकड़ों भक्तों का एक साथ अयोध्या पहुँचना, एक बार फिर प्रेम, एकता और समर्पण के अमर संदेश को जीवंत कर गया। इस दिव्य समापन पर मोरारी बापू ने बताया कि: ह्लरामकथा को ह्यसकल लोक-जन पावनी गंगाह्ल कहा गया है, क्योंकि यह उपदेश नहीं देती। यह मन को पवित्र करती है। यह कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि आचरण, कोमलता और प्रेम है और इसे सही रूप में समझने के लिए केवल कानों से नहीं, बल्कि मन, समझ और हृदय की गहराई से सुनना चाहिए।ह्व

भारत और श्रीलंका में इस राम यात्रा के दौरान चित्रकूट, नासिक, हंपी, रामेश्वरम और श्रीलंका से वापस अयोध्या तक भगवान राम के दिव्य पथ का अनुसरण करते हुए 8,000 किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी तय की गई है। 11 दिनों तक चली इस पवित्र यात्रा में 400 से अधिक श्रद्धालुओं से हिस्सा लिया, जिसकी शुरूआत भारत गौरव ट्रेन के साथ हुई और चार्टर्ड प्लेन के माध्यम से यह आगे बढ़ी। याद रखें कि बापू कथा के आयोजन के लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं। प्रवचन और भोजन पूरी तरह से निशुल्क हैं। इस महान यात्रा का आयोजन बापू के पुष्प यानी उनके अनुयायी, संतकृपा सनातन संस्थान के मदन जी पालीवाल द्वारा किया जा रहा है। यात्रा से लेकर व्यवस्थाओं और कथा से सनातन धर्म की शुद्धता व समावेशिता प्रदर्शित होती है। पूरे विश्व के श्रृद्धालु बापू के साथ होंगे, जिससे यह आस्था और एकता का सामूहिक समागम होगा।

## अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब



**सीतापुर।** नैमिष धाम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह स्टेशन रोड नैमिषाशण्य के नगर पालिका सत्संग हॉल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला , जिला अध्यक्ष भाजपा सीतापुर, अजय भार्गव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विपुल सिंह आशीष, प्रशांत सिंह, अमित दीक्षित, समाजसेवी करुणा निधि पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय आदि ने दीप प्रचजल्लीति संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया ! संस्था के प्रबंधक श्याम कुमार जी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर चर्चा करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की राजनीतिक जीवन अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य के रूप में की। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने और अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। काव्य और साहित्य अटल बिहारी वाजपेयी एक अच्छे कवि और लेखक भी थे। उनकी कविताओं में देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए गए हैं। मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जी ने बताया कि श्री नेतृत्व और कूटनीति अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल नेता और कूटनीतिज्ञ थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत किया और विभिन्न देशों के साथ संबंधों को सुधारने के लिए कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया। पुरस्कार और सम्मान अटल बिहारी वाजपेयी को उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था ।अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन और उनके विचार आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके नेतृत्व और कवित्व ने उन्हें एक अद्वितीय व्यक्तित्व बनाया।

## सभी कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में नीति आयोग एवं सी0एस0आर0 के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नीति आयोग में चिन्हित स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल व अन्य विन्दुओं की समीक्षा की गयी। नीति आयोग योजना के अन्तर्गत क्रिटिकल गैप के अन्तर्गत जो भी निर्माण एजेंसी कार्य कर रही है उसे गुणवत्ता पूर्ण व समय से पूर्ण कराये। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र जो बन रहे है उसका निर्माण समय से पूर्ण कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि टीकाकरण शत-प्रतिशत करायें। इसके साथ ही शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराये। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सहायता प्राप्त विद्यालयों में पीने के पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये।इसके आलावा बी-पैक्स गोदाम, आंगनबाड़ी भवन, का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अच्छे से कार्य करे जिससे जनपद को अग्रणी जनपद की श्रेणी में लाया जा सके। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर पर सही डाटा फीड कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी.एस.यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, कार्यदायी संस्थाओं के सम्बन्धित अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने मतदाता पंजीकरण केंद्र का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।डीएम ने शिव शरणप्पा जीएन ने जय किसान इंटर कालेज सनई तहसील नौगढ़ के मतदाता पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया , उक्त निरीक्षण जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत किया गया।

मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 , 04 नवंबर से 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा इसमें बीएलओ घर-घर जायेंगे, बूथ लेवल अधिकारी ( बीएलओ ) घर-घर जाकर मतदाता सूची में मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) उपलब्ध कराएंगे। बीएलओ गणना प्रपत्र की दो प्रतियों मतदाताओं को उपलब्ध कराएंगे और फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी करेंगे। बीएलओ मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित करेंगे तथा पावती देंगे। जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना प्रपत्र भर कर एवं उस पर हस्ताक्षर करते हुए, यथाशीघ्र अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। मतदाता, गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें व हस्ताक्षर करें। मतदाता, गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम फोटो लगाएं। मतदाता, फॉर्म बीएलओ को वापस दें और प्राप्ति रसीद जरूर लें। मतदाता पोर्टल से भी अपना गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 या 1800-180-1950 पर कॉल की जा सकती है। कार्यक्रम की प्रमुख तिथियाँ:- गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलनरू 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशनरू 09 दिसम्बर 2025, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026, नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन करें।

## खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का माध्यम : श्रीराम राज

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



गोसाईंगंज, लखनऊ। ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन श्री शारदा इंस्टीट्यूट, गोसाईंगंज, लखनऊ में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम राज, खण्ड शिक्षा अधिकारी, गोसाईंगंज लखनऊ रहे। उनके निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में विनोद कुमार राय (अध्यक्ष, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ), प्रभात कुमार, मोहिंदर पांडेय, मनोज कुमार तिवारी, एम यू खान, गोविंद नारायण सिंह, बृजेश कुमार मौर्य (अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ), ज्योति सिंह, ऋचा गुप्ता, विनीत कुमार वर्मा, एवं सेवानंद वर्मा, अबुल कासिम अब्बासी, सचिन दिवाकर, नीरज साहू, एजाज अहमद शामिल रहे। वहीं प्रतियोगिता में विजयी छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिसमें डिस्कस थ्रो में सौरभ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियामऊ, बॉलीबॉल में बेसिक विद्यालय हसनापुर, कबड्डी में बेसिक विद्यालय पहाड़नगर, 100 मीटर। 600 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में कमल, बेसिक विद्यालय हसनापुर, 600 मीटर और 400 मीटर में द्वितीय स्थान सुभाषिनी पहाड़ नगर ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि श्रीराम राज ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं और इनसे अनुशासन, टीम भावना तथा आत्मविश्वास का विकास होता है।

## एसपी ने ली परेड का सलामी



बहराइच। आज रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच स्थित परेड ग्राउंड में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री रामानन्द कुशवाहा द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को बेहतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया साथ ही मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया ।तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## यातायात प्रभारी ने लगाई नियम पालन करने की पाठशाला, छात्राओं को दिलाया संकल्प



बाराबंकी। देखने को मिलता है कि अधिकतर युवा यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। सड़क पर जल्दबाजी के चलते सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण बनती है। यातायात नियमों का पालन कर ना केवल हम स्वयं सुरक्षित रहेंगे साथ ही अपनों को सुरक्षित कर दूसरों की जान भी बचा सकेंगे। हेलमेट-सीटबेल्ट पहनकर दिखावा करने के बजाय इसे अपनी आदत में बनायें। वाहन चलाते समय हमको व दूसरों को भी बचाना है। इसका ध्यान जरूर रखे। उक्त उद्गार यातायात माह नवम्बर जागरुकता कार्यशाला के तहत सिविल लाइन स्थित जमीरुल रहमान किदवाई इस्लामिया गर्ल्स इण्टर कालेज मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने छात्राओ को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। जागरुकता कार्यशाला मे यातायात प्रभारी ने छात्राओ को संकल्प दिलाते हुये कहा कि वह अपने भाई, पिता व रिश्तेदारों को नियमों का पालन करने व नशे की हालत में वाहन को न चलाने को लेकर जागरुक करे। इस मौके पर प्रबन्धक तरब किदवाई, प्रधानाचार्य इकबाल फातिमा सहित शिक्षकाये मौजूद रही।

## एमएलसी अंगद सिंह ने किया 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय



बाराबंकी। नदियों में मत्स्य संपदा के निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मत्स्य विभाग के तत्वावधान में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने विकासखंड रामनगर मे संजय सेतु के निकट घाघरा नदी में 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय किया। इस दौरान एमएलसी श्री सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा नदियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन हेतु यह कार्य किया जा रहा है। जिससे मछलियों का उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मछुआ समुदाय के निर्बल व्यक्तियों को रोजगार के अधिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे। मुख्य कार्यकारी अच्छे लाल निषाद ने बताया की 2 लाख रोहू, कतला नयन प्रजाति की मत्स्य अंगुलिकाओं का क्रय उपरोक्त योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम अयोध्या हैचरी से किया गया। इस अवसर पर मत्स्य अधिकारी विवेक निगम, मत्स्य निरीक्षक हेमंत कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार, अब्दुल मन्नान, प्रधान लैन, दिनेश सिंह मौजूद रहे।

## कोटवा-धाम मेला का डीएम व एसपी ने किया भ्रमण



बाराबंकी। कार्तिक पूर्णिमा त्यौहार पर थाना बदोसराय क्षेत्रान्तर्गत लगने वाले कोटवा-धाम मेला क्षेत्र का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने भ्रमण करते हुये सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, वैकल्पिक मार्गों, पार्किंग की व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पुलिस पिकेट एवं पेट्रोलिंग, श्रद्धालुओं पेयजल व्यवस्था, तालाब की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त, राजस्व टीम व सभी सम्बन्धित विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

## अपर जिजा जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने की बैंक अधिकारियों के साथ बैठक



बाराबंकी। आगामी 13 दिसम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने को लेकर अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने जनपद बैंकों के शाखा प्रबन्धकों, बीमा कम्पनियों के नोडल अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक मे अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने सभी बैंको को पिछली लोक अदालतों से अधिक ऋण वसूली मामलों का चिन्हांकन करने एवं अधिकाधिक मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। तथा किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करने व तैयार किये पोस्टर को बैंक प्रतिनिधियों को देते हुए चस्पा किये जाने के निर्देश दिये। तो वही बैठक मे बैंक आफ बड़ौदा व यूनियन बैंक आफ इण्डिया प्रतिनिधि उपस्थित न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## धोखाधड़ी का शिकार पीड़ित की याचिका पर हाईकोर्ट ने किया विपक्षियों को तलब


HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD
LUCKNOW
APPLICATION U/S 528 BNSS No. - [illegible] of 2025
Sardar Kunwar Singh ....Applicant(s)
Versus
State Of U.P. Thru. Prin. Secy. Home Lko. And 3 Others ....Opposite Party(s)
Counsel for Applicant(s) : Mukesh Kumar Tewari, Bhupinder Pal Singh
Counsel for Opposite Party(s) : G.A.
Court No. - 16
HON'BLE BRIJ RAJ SINGH, J.
Heard learned counsel for the applicant.
Issue notice to opposite party nos.3 and 4 returnable at an early date.
List after service of notice.
(Brij Raj Singh,J.)
November 4, 2025

बाराबंकी। दुकान खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हुये पीड़ित की याचिका पर सुनवाई करते हुये माननीय उच्च न्यायालय ने धन्नासेठ व्यापारी सहित विपक्षी को तलब किया है। मामला थाना नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत के0डी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित दुकान से जुड़ा हुआ है। जंहा पैसा लेकर बेइमानी करने की नियत से पीड़ित का शोषण किया गया। और बयाना के रुप मे लिया गया 9 लाख 50 हजार रुपये भी वापस नही किया गया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई। लेकिन प्रभावशाली व्यक्तित्व के धन्नासेठ व्यापारियो के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित सरदार कंवर सिंह के अनुसार उन्होने स्टेडियम के सामने बनी दुकान अर्धनिर्मित प्लाट को खरीदने के नाम पर विपक्षी विजय चावला को अनिल अग्रवाल के सामने 9 लाख 50 हजार कई किश्तो मे दिये। लेकिन पीड़ित श्री सिंह को न तो अर्धनिर्मित प्लाट दुकान दी गई और न ही पैसा वापस किया गया। जिसके बाद पीड़ित ने माननीय उच्च न्यायालय के तेज तर्रार अधिवक्ता मुकेश कुमार तिवारी व भूपिन्दर पाल सिंह के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका दाखिल की। जिसके बाद माननीय न्यायालय ने विपक्षियो को नोटिस जारी करते हुये तलब किया है। आदेश आते ही पीड़ित ने माननीय न्यायालय के प्रति अपनी आस्था जताते हुये कहा है कि उनको न्यायालय से इंसाफ जरुर मिलेगा।

संक्षेप

## छत से गिरे युवक की निजी अस्पताल में मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कस्बा निवासी प्रतिष्ठित व्यवसाई मुन्नू साहू का 24 वर्षीय बेटा सूर्याश साहू रविवार दिन में अपने घर की छत पर टहल रहा था टहलते समय पैर फिसलने से वह फर्श पर गिर गया। जिससे उनके सिर में गहरी चोट लग गई। परिजनों ने आनन-फानन उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के आईकान हास्पिटल में उसकी इलाज के दौरान मंगलवार सुबह निधन हो गया। युवक के निधन की सूचना मिलते ही परिजनों सहित कस्बे में कोहराम मच गया। युवक सूर्याश के निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सपा विधायक श्याम सुंदर भारतीय, सुधीर साहू ,सौरभ साहू, विजय साहू साहू, आयुष साहू, प्रतीक साहू, बन्नू जयसवाल, पवन साहू, संजू वैश्य,परमल साहू ,पंकज साहू ,नीरज साहू, प्रिंसू वैश्य, विजय वैश्य, कमलेश रस्तोगी, फूल चन्द्र साहू ,गुड्डू साहू, श्याम लाल साहू ,वेद प्रकाश साहू, रन्नू साहू , विनोद साहू , सतीश साहू, शुभम साहू, धर्मेंद्र वर्मा, जयम वैश्य सहित दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

**जसवंतनगर, इटावा।** भारत चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने जसवंतनगर विधानसभा संबंधित बीएलओ संग एक आवश्यक बैठक तहसील सभागार में की ।जिसमें चुनाव आयोग के मंशानुरूप सभी को दिशा निर्देश दिए गए और मास्टर ट्रेनर द्वारा समस्त बीएलओ को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया ।बैठक में एसडीएम ने कहा कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर हर मतदाता का सत्यापन करेंगे। मतदाता को गणना प्रपत्र देने के बाद वापस लेते समय हर मतदाता को पावती यानी रिसिविंग देंगे ।साथ ही मृत मतदाता को सूची में विलोपित करने, प्रवासित मतदाता का स्थानांतरण तय करना,अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ना,त्रुटि पूर्ण नाम सहित सूची में अन्य अशुद्धियों को शुद्ध करने का कार्य करेंगे ।सख्त हिदायत देते हुए कहा कि काम के प्रति लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर कार्रवाई होगी।

## आईटीआई चौकी इंचार्ज सस्पेंड

**इटावा।** महिला सशक्तिकरण जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही बरतना एक चौकी प्रभारी को भारी पड़ गया। इटावा में डीआईजी हरीश चंदर द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण समीक्षा बैठक के दौरान आईटीआई चौकी प्रभारी तन्मय चौधरी को निलंबित कर दिया गया। डीआईजी ने सोमवार को सभी जिलों के थानों में नियुक्त महिला सशक्तिकरण प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। बैठक में उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता कार्यक्रमों, हेल्प डेस्क की स्थिति और परामर्श केंद्रों की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी मांगी। इसी दौरान जब इटावा के थाना फ्रेंड्स कॉलोनी से संबद्ध आईटीआई चौकी प्रभारी तन्मय चौधरी से सवाल पूछे गए तो वह महिला शिकायतों के निस्तारण, महिला सुरक्षा अभियानों और परामर्श केंद्र की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके।

# तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव का शुभारंभ



**कादीपुर- सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के रानीपुर कायस्थ स्थित शनिदेव अवसान माता मंदिर परिसर से मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। बैंड-बाजों की धुन, आकर्षक झांकियों और जयघोषों के बीच श्रद्धालुओं की सहभागिता ने नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना दिया। शोभा यात्रा का पटेल चैक पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, एवम नगर पंचायत कार्यालय मोड़ पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल एवं सभासद बृजेश सिंह ने तथा पुरानी बाजार में रामू मोदनवाल ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कपाली बाबा को नगर पंचायत अध्यक्ष ने पट्टिका पहनाई।

शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ पहुंची। जहां पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया गया। मठ परिसर में भक्ति, अध्यात्म और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आयोजन के तहत विशाल मेला, धार्मिक प्रवचन, लोक कला प्रदर्शन, लोक नृत्य, और भजन संध्या जैसे विविध कार्यक्रम भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे संत, कलाकार और श्रद्धालु इस आध्यात्मिक उत्सव में शामिल हो रहे हैं। सत्यनाथ पीठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य लोक संस्कृति, अध्यात्म और सामाजिक एकता को सशक्त बनाना है। यह आयोजन जनमानस में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने और विलुप्त होती लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। पहले दिन मठ परिसर भक्ति गीतों, दीपों की रोशनी और श्रद्धालुओं की उमंग से आलोकित रहा। बाबा सत्यनाथ के दरबार में दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मेले में लोक संस्कृति की झलक और धार्मिक आस्था का समन्वय भक्तों को भावविभोर कर गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने गणेश रथ पर नारियल तोड़कर किया। अगले दो दिनों तक चलने वाले महोत्सव में राष्ट्रीय परिचर्चा, संतों के प्रवचन, भजन संध्या और दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। मौके पर चित्रकूट के आचार्य देवाचार्य जी, किन्नर बोर्ड की सदस्य काजल किन्नर, जितेंद्र सिंह, आर पी सिंह, बंटी सिंह, शुभम सिंह, शिवभूषण सिंह, नीरज मिश्र सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दीपक सैनी के मिमिक्री शो पर गूंजे ठहाके

जिला संवाददाता (vol

**रायबरेली।** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेला में कल शाम हंसी और मनोरंजन से भरपूर रही। देश के प्रसिद्ध मिमिक्री कलाकार दीपक सैनी ने श्रोताओं के दिलों को जीत लिया। उनकी प्रस्तुति पर पूरा पंडाल ठहाकों से गूंजता रहा। पुस्तक मेले के तीसरे दिन हास्य कलाकार दीपक सैनी का मिमिक्री और लाफ्टर शो हुआ। पीएम मोदी गृहमंत्री अमित शाह नेता, प्रतिपक्ष राहुल गांधी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं और बाबा रामदेव, बाबा बागेश्वर के नाम से मशहूर धीरेंद्र शास्त्री की मिमिक्री सभी को हंसने पर मजबूर करती रही। दीपक सैनी की कविताओं ने भी खूब तालियां बटोरीं। 1 घंटे तक चले इस शो में सैकड़ों श्रोता मनोरंजन के सागर में डूबे रहे।

**● पुस्तक मेला के तीसरे दिन पंडाल में खूब बजीं तालियां**

मिमिक्री के पहले श्री सैनी ने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में पुस्तक मेले का आयोजन एक सराहनी पहल है। इंस्टाग्राम वाली पीढ़ी को पुस्तकों से जोड़ना बहुत जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में साहित्य, कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं। नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार संजीव कुमार ने कहा कि रायबरेली सदैव सामाजिक साहित्यिक और सांस्कृतिक धरा रही है। आज भी यह परंपरा जारी है।

इस मौके पर लेखक कवि आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, कांग्रेस नेता विजय शंकर अग्निहोत्री, प्रमेंद्र पाल सिंह गुलाटी, अजीत सिंह, वीरेंद्र विक्रम सिंह, दुर्गा शंकर वर्मा दुर्गेश सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, एसपी मिश्रा, अशोक मिश्रा, दुगार्नंदन पांडेय, प्रिया पांडेय, मुक्ता भार्गव, निशा सिंह, रेनू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### आचार्य द्विवेदी के साहित्यिक योगदान पर बच्चों ने लिखे निबंध

**रायबरेली।** पुस्तक मेला स्थल पर आज छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में रयान इंटरनेशनल स्कूल, संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल, रामकृष्णा पब्लिक स्कूल, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं गोपाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के करीब 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को निबंध का आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का हिंदी साहित्य में योगदानश विषय दिया गया। बच्चों ने आचार्य महावीर प्रसाद जी के योगदान पर अच्छे निबंध लिखे।

# एनटीपीसी की पहल से लोगों की आंखों को मिली रोशनी



**रायबरेली।** नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार द्वारा नागरिकों के लिए एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जीवन ज्योति अस्पताल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक ( अनुरक्षण एवं प्रचालन ) आशुतोष विश्वास और झुमिता विश्वास, उपाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब रहे। साथ ही साथ दिलीप कुमार साहू, महाप्रबंधक ( प्रचालन ), और एसयू. हरिदास, महाप्रबंधक ( अनुरक्षण ) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. नवीन चंद्र ने चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के सभी घरों को रोशन करने के संकल्प के साथ-साथ, एनटीपीसी विद्युत गृहों के आसपास के समुदाय के स्वास्थ्य, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है कृ यह शिविर उसी भावना का जीवंत उदाहरण है। उन्होने एनटीपीसी पप्रबंधन कि भूरि-भूरि सराहना की। तीन नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने प्रतिभागियों की नेत्र जांच की। जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, उनका शल्य चिकित्सा द्वारा उपचार किया गया, जबकि सामान्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श और दवाएं प्रदान की गईं। शिविर में आसपास के गाँवों से आए नागरिकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 301 लोगों ने नेत्र जांच के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 148 मरीजों को विस्तृत जांच के बाद ऑपरेशन हेतु उपयुक्त पाया गया। सभी लाभार्थियों ने एनटीपीसी ऊँचाहार प्रबंधन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस पुनीत पहल के माध्यम से समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मधु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा किया गया, जिसमें सभी विभागाध्यक्षों सहित, अजय त्रिपाठी, डीसी सीआईएसएफ, तथा यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग रहा। देश के सभी घरों को रोशन करने के संकल्प के साथ-साथ, एनटीपीसी विद्युत गृहों के आसपास के समुदाय के स्वास्थ्य, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

**● शिविर में 301 लोगों ने कराया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण**

# राणा प्रताप पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आठ को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार आठ नवम्बर को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान जुटेंगे।

यह जानकारी देते हुए संगोष्ठी संयोजक व प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर एवं अभिलेख संरक्षण की चुनौतियां विषय पर होने वाली यह संगोष्ठी कई सत्रों में चलेगी। संगोष्ठी का उद्घाटन पुस्तकालय कक्ष में सुबह दस बजे से होगा। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार मुख्य अतिथि होंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामजी तिवारी करेंगे। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकरकेंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुशील कुमार पाण्डेय विशिष्ट वक्ता होंगे। साढ़े 11 बजे से शुरू होने वाले प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता समाजशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.एमपी सिंह करेंगे। इस सत्र के मुख्य वक्ता संत तुलसीदास पीजी कालेज के असि. प्रोफेसर डा सतीश कुमार सिंह व विशिष्ट वक्ता राजा मोहन गर्ल्स पीजी कालेज अयोध्या की प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रज्ञा मिश्र होंगीं। दो बजे से चलने वाले द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता के एनआईपीएसएस के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राधेश्याम सिंह करेंगे। इसके मुख्य वक्ता पीवी पीजी कालेज प्रतापगढ़ के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर बृजभानु सिंह व विशिष्ट वक्ता संत तुलसीदास पीजी कालेज के प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेन्द्र तिवारी होंगे। साढ़े तीन बजे समापन सत्र आयोजित होगा जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एम पी सिंह विसेन करेंगे। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार के सहायक निदेशक विजय श्रीवास्तव व विशिष्ट वक्ता गनपत सहाय पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शक्ति सिंह होंगे।

# 21 सौ दीप प्रज्ज्वलित कर विधायक ने उतारी मां गोमती की आरती



जिला संवाददाता (vol)

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** गंगा को अविरल निर्मल करना है तो सहायक आदि गंगा गोमती स्वच्छ बनाना है। गंगा उत्सव समिति के संयोजन में दियरा राजघाट पर 21 सौ दीप प्रज्वलित कर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने नीम का पौधरोपण कर मां गोमती की आरती उतारी, उन्होने मौजूद लोगों से स्वच्छता की शपथ दिलाई।

मगंलवार को सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के संयोजन में आदि गंगा गोमती तट दियरा राजघाट पर गंगा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह के देखरेख में हुआ। रानी महेंद्र कुमारी इंटर कालेज की छात्राओं को अच्छी कलाकृतियों के लिए विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

डीएफओ अमित सिंह, नायब जयसिंहपुर रूबी यादव व ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने नीम का पौधारोपण करते हुए मां गोमती की आरती उतारी 21 सौ दीपों से गोमती तट जगमग हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था, लेकिन सफाई की दिशा में कोई कार्य नहीं हो पाया डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री मोदी और योगी जी ने गंगा और सहायक नदियों को निर्मल और अभियान करने का संकल्प लिया है। जनमानस को इस दिशा में संकल्प ले। बीडीओ निशा तिवारी, भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह, संजय तिवारी, अनमोल अग्रहरि,महोबा शुक्ल, सौरभ मिश्र, दिनेश सिंह, राम सूरत गुप्ता, पिंटू सिंह, अजय सिंह कौशिक, अंकित मिश्र, अखिलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने के तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे गोसाई मजरे पिंडारी कलां तंत्र मंत्र और गड़ा धन निकालने के नाम पर चार लाख की ठगी मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गोसाई मजरे पिंडारी गांव से संबंधित है। पीड़ित रितेश गुप्ता पुत्र मेवालाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी अमेठी के फुरसतगंज थाना क्षेत्र में नहर कोठी पर एक जलपान ग्रह की दुकान है। नितेश के अनुसार फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे बढ़ई मुजरे रामपुर जमालपुर निवासी राम प्रताप पुत्र बेनी माधव उनकी दुकान पर चाय पीने आता था। रामप्रताप ने कथित ठग अनिल बाबा और धीरज बाबा के साथ मिलकर नितेश को ठगने की साजिश रची आरोपियों ने नितेश की बीमार मां को ठीक करने और जमीन में गड़ा धन निकालने का ढांचा दिया। पूजा पाठ के नाम पर उन्होंने नितेश से चार लाख रुपए ठग लिए। जब नितेश ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी उन्होंने पुलिस और कप्तान को भी कुछ ना समझने की धमकी दी जिसकी एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराकर धान की उत्पादकता का किया आकलन



**रायबरेली।** धान की पैदावार की हकीकत देखने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर सदर तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड राही की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कुचरिया में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल धान कटाई के 2 खेतों मे प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है। जिसके अंतर्गत दो खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 825 में 19.500 किग्रा के हिसाब से 45 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 751 में 23.260 किग्रा के हिसाब से 54 कुंतल/ हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। बता दें कि क्रॉप कटिंग से फसलों की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए। इस मौके पर तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक राजपाल यादव, लेखपाल विनोद कुमार मौर्य सहित ग्राम प्रधान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# यदुवंशियों की आस्था व विश्वास का केंद्र है नंद महर धाम

विजय यादव

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के नन्द महर स्थित पौराणिक स्थल नन्द बाबा के धाम लगने वाला तीन दिवसीय महाकुंभ मंगलवार से शुरू हो चुका है जो तीन दिनों तक चलता रहेगा ।यादवों के इस महाकुंभ में देश के विभिन्न हिस्सों से यादव समाज के साथ ही सभी समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर ढोल नगाड़ों की थाप पर पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हैं ।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धाम पर पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाने से प्रेत बाधा से मुक्ति मिलती है ।नन्द बाबा के मंदिर पर खास तरह के झंडे चढ़ाने की प्राचीन परम्परा चली आ रही है ।वही ऐतिहासिक मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी करने के साथ कर्मियों को तैनात कर दिया है।

वीवीआईपी जिले में शुमार अमेठी जिला मुख्यालय गौरीगंज से उत्तर दिशा में मुसाफिरखाना मार्ग पर करीब 15 किमी दूरी पर स्थित नन्द महर धाम पौराणिक महत्व समेटे हुए है जो यदुवंशियों का एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है ।इस पौराणिक स्थल का प्रदुर्भाव कब हुआ इस विषय में कई मत प्रचलित है ।किंवदंतियों के अनुसार द्वापर काल में यहां के आसपास पौंड्रक नामक राजा के अधीन था जो खुद को वासुदेव बताता था ।इस बात की जानकारी जब वसुदेव को हुई तो उन्होंने नाराज को भगवान श्री कृष्ण व उनके भाई बलराम को पौंड्रक नामक घमंडी राक्षस को मारने के लिए द्वारिका से काशी भेजा था ।काफी समय बीतने पर उनके वापस न पहुंचने पर वासुदेव व नन्द बाबा भगवान श्री कृष्ण व बलराम को खोजते हुए यहां पहुंचे थे ।उस समय आसपास बहुत बड़ा घना जंगल था । पौंडरक को मारकर श्री कृष्ण बलराम के साथ वापस द्वारिकापुरी जा रहे थे उसी समय नन्द बाबा और वसुदेव की उनसे मुलाकात इसी स्थान पर हुई थी ।सभी लोगो ने तीन दिन तक यहां विश्राम किया ।इसी दौरान यहां एक यज्ञ का आयोजन भी किया गया ।नन्द बाबा ने भगवान की मूर्ति स्थापित करके उनकी पूजा की थी ।भगवान श्री कृष्ण बलराम वसुदेव और नन्द बाबा के चरणरज से यह स्थान पवित्र हो गया ।यदुवंशियों के पूर्वज होने के कारण यह स्थल उनकी श्रद्धा आस्था एवं विश्वास के प्रमुख केंद्र बन गया ।तभी से लोग अनवरत यज्ञ हवन पूजन करते आ रहे हैं ।मान्यताओं के अनुसार उसी समय आसपास नारायन पुर काशीपुर केशव पुर वसायकपुर नदियावा हरि करन पुर सहित दर्जन भर गांव बसाए थे ।लोग बताते हैं कि जिस स्थान पर नन्द बाबा ने पूजा अर्चना की थी उसी स्थान पर मिट्टी का चबूतरा बनाकर पूजन अर्चन शुरू कर दिया ।जहां बाद में नन्द बाबा का मंदिर बनवाया गया ।मान्यताओं के अनुसार मंदिर में गाय भैंस के ब्याने के बाद नन्द बाबा को दूध चढ़ाने के बाद ही उसे अन्न के साथ प्रयोग किया जाता है ।ऐसा करने से घर में दूध की कमी नहीं होती है ।जहां बिना किसी भेदभाव के सभी जाति व धर्मो के लोग प्रत्येक मंगलवार को दूध चढ़ाने आते हैं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से राजा बलि की पूजा करने वाले यदुवंशी रंग बिरंगे झंडे मंदिर में चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हैं ।

**● पौराणिक स्थल नन्द बाबा के धाम पर लगने वाला तीन दिवसीय महाकुंभ शुरू**

# कंबाइन मशीन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**अमेठी ।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वंशवनपटी भैरोपुर में मंगलवार को कंबाइन मशीन की जोरदार टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। वंशवनपटी भैरोपुर निवासी विश्वनाथ यादव पुत्र राम अंजोर यादव सोमवार सुबह साइकिल से अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कंबाइन मशीन ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और विश्वनाथ यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लेकर गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# सीएमओ ने किया केंदों का निरीक्षण

**अमेठी ।** जनपद में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को स्वास्थ्य विभाग की सही समय उनका सही परीक्षण हो इसके लिए सीएमओ ने विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्रो की हकीकत से रूबरू हुए। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने श्ल्रठऊसेशन सम्भूई का निरीक्षण किया 11 बच्चो का एवं 2 गर्भवती का टीकाकरण हुआ सभी स्टाफ उपस्थित मिले एवं सभी लोगिस्टिक मौजूद थे । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के कई केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी कर्मी मौजूद मिले ।

# सांसद खेल स्पर्धा के तहत न्याय पंचायतों में खेल कूद का ट्रायल कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली में सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत आज 17 न्याय पंचायतों में खेल कूद कार्यक्रम का ट्रायल किया गया जिसमें एथेलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग बालक, बालिका द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास खंड चन्दापुर स्थित सगरा के बगल स्थित खेल मैदान में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें चन्दापुर न्याय पंचायत के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस महोत्सव में कबड्डी, दौड़, रस्साकशी, गोला फेंक और लंबी कूद जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने भी इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। बी डी ओ वर्षा सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य में खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बृजलाल, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह, खेल अनुदेशक इंद्र कुमार और सचिन सोनकर सहित कई शिक्षक व विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। विकास खंड अमावां की न्याय पंचायत अमावां की प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा फीता काटकर किया तथा न्याय पंचायत पहाड़पुर की प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान ओनई जंगल में किया गया। प्रतियोगिता कबड्डी बालक वर्ग में जातुआ टप्पे तथा बालिका वर्ग में जातुआ टप्पे की टीम विजेता रही। 100 मीटर बालक सीनियर वर्ग में सौरभ, अनुराग, मोहित तथा 200 मीटर में महिला वर्ग में शालिनी, शैलेश, अनीशा विजेता रही।

# गुरु नानक देव की जयंती के साथ मनी कार्तिक पूर्णिमा

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में सिख पंथ के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी की जयंती के साथ कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गुरु नानक जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये और माँ गंगा की पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बताया कि आज का दिन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमें मानवता, सत्य और समानता का सन्देश देता है, गुरु नानक देव जी ने हमें सिखाया कि ईश्वर एक है और हम सब उसी का अंश हैं और कार्तिक पूर्णिमा का पावन दिन हमें प्रकाश, पवित्रता और आत्मिक जागरण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के उपदेशों को अपने जीवन में उतारने एवं कार्तिक पूर्णिमा के उजाले से अपने मन और कर्म को अवलोकित करने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अजय सिंह, रामदेव, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।




### एनएसबीवीएम में मनायी गयी कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा व गुरू नानक देव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कूल के बच्चों ने नानक देव जी को श्रद्धाभक्ति पूर्वक याद करते हुए पुशपाजंलि अर्पित कर नमन किया। कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरू नानक जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय की हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल द्वारा बच्चों को नानक देव के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही कार्तिक पूर्णिमा मनाये जाने की पूर्ण कहानी समझाई गई। उन्होंने बताया कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का विशेश महत्व है। इसे देव दिवालीभी कहा जाता है। इसी क्रम में श्री हरजीत सिंह ने नानक देव जी के जीवन पर विचार व्यक्त करते हुए उन्हें एक सच्चा इंसान, सिख धर्म के संस्थापक और जाति-पाँति का विरोधी बताया। वे सम्पूर्ण मानव जाति के जीवन के लिए पथ प्रदर्शक हैं, इसीलिए इस दिन को गुरू पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है।

# एनएसबीवीएम में मनायी गयी कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती

**रायबरेली।** यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा व गुरू नानक देव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कूल के बच्चों ने नानक देव जी को श्रद्धाभक्ति पूर्वक याद करते हुए पुशपाजंलि अर्पित कर नमन किया। कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरू नानक जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय की हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल द्वारा बच्चों को नानक देव के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही कार्तिक पूर्णिमा मनाये जाने की पूर्ण कहानी समझाई गई। उन्होंने बताया कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का विशेश महत्व है। इसे देव दिवाली भी कहा जाता है। इसी क्रम में श्री हरजीत सिंह ने नानक देव जी के जीवन पर विचार व्यक्त करते हुए उन्हें एक सच्चा इंसान, सिख धर्म के संस्थापक और जाति-पाँति का विरोधी बताया। वे सम्पूर्ण मानव जाति के जीवन के लिए पथ प्रदर्शक हैं, इसीलिए इस दिन को गुरू पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है।

संक्षेप

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन की बैठक

**इटावा।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन की बैठक डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्यान अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में उरोक्त योजनाओं में वर्ष 2024-25 में कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। वर्ष 2025-26 हेतु एकीकृत बागवानी विकास मिशन के (सब्जी बीज हेतु 100 हे0. लहसुन बीज हेतु 94 हे०, प्याज बीज हेतु 74, सब्जियों हेतु मचान सं0-20, फेन्सिंग-5000 रनिंग मीटर, पावर नेपसेकस्प्रेयर-01 ट्रेक्टर 20 बीएचपी तक-01 आदि) लक्ष्यों के अनुमोदन प्रदान किया गया। जिस पर सर्व सहमति व्यक्त की गयी। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्ओं को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा निराकरण किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग, वरिष्ठ कोषाधिकारी, मण्डी निरीक्षक, अपर जिला कृषि अधिकारी, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 7 को

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट पक्का तालाब, इटावा (मॉडल करिअर सेंटर) इटावा एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु 7 नवंबर को रोजगार मेला, कैम्पस प्लेसमेंट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जा रहा हैं। उक्त रोजगार मेले में 2 कम्पनियां विभिन्न रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। अभ्यर्थी मेले में हेल्पर, आईटीआई सभी ट्रेड, शटर ऑपरेटर, वेल्डर, सुपरवाइजर, आदि पदों पर 18 से 48 वर्ष आयु के पुरूष एवं महिला उम्मीदवार, मेले मे भाग लेकर 15000 से 35000 वेतन प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिभागी कम्पनियों का विवरण निम्नवत्हैं- 1- श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग्स। 2-क्वेस कार्य प्रालि। मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है जिला सेवायोजन कार्यालय की वेबसाईट rojgaarsangam.up.gov.in एवं नैशनल करिअर सर्विस की वेबसाईट ncs.gov.in पर ऑनलाइन जाकर अभ्यर्थी स्वयं को पंजीकृत करके मेले के ऑप्सन में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर 7 नवंबर को अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा की कम से कम 5 प्रतियों सहित साक्षात्कार हेतु प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक संस्थान इटावा में उपस्थित हो सकते हैं। मेले में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

# ब्रज रज उत्सव 2025 में किया डीएम एसएसपी ने यातायात माह का शुभारंभ

### यातायात जागरूकता रैली को दिखायी हरी झंडी



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज-रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यातायात माह नवंबर 2025 जागरूकता कार्यक्रम में गुब्बारे उड़ाए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 कार्यक्रम में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया। उन्होंने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया तथा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि यातायात नियमों का अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन ना चलाएं, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें, शराब के नशे में वाहन ना चलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन धीमा चलाये, अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी बचाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात जागरूकता रैली एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस तरह की रैलियों में आम जनता, स्कूली बच्चे, और विभिन्न संगठनों के सदस्य भाग लेते हैं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। यातायात माह नवंबर 2025 में जागरूकता रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि यातायात नियम वे नियम हैं जो सड़कों पर यातायात को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और यातायात को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है, कार चलाते समय सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है, यातायात संकेतों जैसे कि लाल बत्ती, हरी बत्ती और यातायात पुलिस के संकेतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति सीमा के अनुसार वाहन चलाना चाहिए, ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना चाहिए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करना चाहिए तथा यातायात लेन का पालन करना और दूसरे वाहनों को परेशान न करना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार, एसपी सुरक्षा राजकमल अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी मांट आशीष शर्मा, क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**भरथना, इटावा।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में सोमवार सुबह उस समय चीखपुकार के साथ हडकम्प मच गया जब एक युवक की डीएफसी रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा! घटना सोमवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे क्षेत्र के गाँव कुंवरा स्थित डेडीकेटित फ्रंट कोरिडोर रेलवे ट्रैक की है. जब गाँव कुंवरा निवासी 23 वर्षीय संदीप बाथम पुत्र स्व. महेंद्र कुमार बाथम शौच क्रिया हेतु रेलवे ट्रैक के उस पार जा रहा था तभी दोनों ओर से ट्रेन आ जाने की वजह से संदीप ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे संदीप की दर्दनाक मौत हो गयी. घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी. उक्त घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीखपुकार के साथ कोहराम मच गया. मृतक के बड़े भाई दिलीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा छोटा भाई करीब पन्द्रह दिनों से डेंगू बुखार से पीडित था. जिसका उपचार जनपद औरैया के थाना बिधूना स्थित गाँव रतनपुर निवासी मेरी बहन लाडली तथा उनके पति के द्वारा सहार स्थित एक क्लिनिक पर कराया जा रहा था. रविवार की देर शाम मेरा भाई घर पर आया हुआ था. सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक के समीप शौच क्रिया की बात कहकर घर से निकला था तभी यह घटना हो गयी।

# यातायात माह अभियान के तहत जागरूक किया



**फिरोजाबाद।** यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक यातायात मय टीम द्वारा लिटिल इंटरनेशनल स्कूल देव नगर थाना दक्षिण एवं श्यामा देवी इंटर कॉलेज सुहाग नगर थाना दक्षिण में जागरुकता अभियान के दौरान छात्र छात्राओं अध्यापक बंधुओं एवं अन्य स्टाफ को यातायाय नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया गया। मंगलवार को यातायात माह नवम्बर 2025 जागरुकता अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक यातायात के नेतृत्व में पुलिस टीम टीम द्वारा लिटिल इंटरनेशनल स्कूल देव नगर थाना दक्षिण एवं श्यामा देवी इंटर कॉलेज सुहागनगर थाना दक्षिण पर छात्र-छात्राओं अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ को जागरुकता अभियान के दौरान यातायात संकेतों सड़क संकेतों की जानकारी, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, गति सीमा के अन्तर्गत वाहन चलाने लेन अनुशासन, आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही प्रभारी निरीक्षक यातायात ने छात्र छात्राओं, अध्यापक बंधुओं एवं अन्य स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात माह अंतर्गत पुलिस द्वारा पम्पलेट बैनर पोस्टर रैली नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा लगातार जागरुक किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने हनुमान घाट और खाद की दुकानों का निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने हनुमान मंदिर के पास स्थित घाट का निरीक्षण किया, उन्होंने उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी फिरोजाबाद को निर्देशित किया कि घाट पर बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था हो, साथ ही नाव और नाविक दोनों की यहां व्यवस्था होनी चाहिए, वेरिकैडिंग के ऊपर जाल अवश्य लगा हो, घाटों पर लाइटिंग, एंबुलेंस की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे किसी प्रकार की आपदा स्थितियों से निपटा जा सके तथा यहां पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, जिससे आने वाले दर्शनार्थियों और स्नानार्थियों को कोई असुविधा न हो, घाटों पर पब्लिक एड्रेस की व्यवस्था हो, जिस पर लगातार सुरक्षित स्नान की उद्घोषणा होती रहे, साथ ही साथ यहां पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था हो, जिलाधिकारी ने साथ ही कहा कि इस अवसर पर बड़ी संख्या पर भीड़ आती है, इसलिए व्यवस्था में लगे सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन दायित्वपूर्ण ढंग से करेंगे, इस दौरान जिलाधिकारी ने खाद एवं बीज भंडार का भी औचक निरीक्षण किया, उन्होंने यहां उपस्थित किसानों से कहा कि आपको खतौनी के अनुसार पर्याप्त खाद दिया जाएगा, जिले में खाद का पर्याप्त भंडार है, आप सभी किसी बहकावे में न आए, इस दौरान जिला अधिकारी ने किसानों से टेलिफोनिक वार्ता कर उनको मिली खाद के विषय में जानकारी मिली, उन्होंने किसान दाता राम और मायाराम से टेलिफोनिक वार्ता की इन किसानों ने अपनी खतौनी के अनुसार पर्याप्त खाद मिल गई है, इस दौरान कृषि अधिकारी सुमित चौहान उपस्थित रहे।

## देव दीपावली पर भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति का अमृत महोत्सव आयोजित



**मथुरा।** भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में आगामी बुधवार को स्वामी घाट, यमुना मंदिर परिसर में देव दीपावली अमृत महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर यमुना जी की महाआरती, दीपदान तथा विशेष प्रकाश सज्जा की भव्य व्यवस्थाएँ की गई हैं। संपूर्ण घाट क्षेत्र को रंग-बिरंगी रोशनी और दीपों से सजाया जाएगा, जिससे पूरा स्वामी घाट दिव्य ज्योति से आलोकित होगा। कार्यक्रम में प्रमुख उद्योगपति विनोद कसेरे विशेष सहयोगी के रूप में सहभागिता करेंगे। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रामगोपाल शर्मा ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे देव दीपावली के इस पावन पर्व पर स्वामी घाट पहुंचकर यमुनाजी की महाआरती एवं दीपदान में सहभागी बनें तथा पुण्यलाभ प्राप्त करें।

# रेड क्रॉस सोसाइटी का रुकती सांसों को वापस लाने की कोशिश, सीपीआर प्रशिक्षण दिया

- छात्रों को रेड क्रॉस और हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर की आवश्यकता के बारे में बताया

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** अचानक हार्ट अटैक से दम तोड़ती सांसों को वापस लाने की कोशिश है सीपीआर प्रक्रिया। इसी प्रक्रिया को जन जन तक पहुंचाने के अभियान के अंतर्गत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की मथुरा शाखा द्वारा श्री कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 4 नवंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के 500 से अधिक छात्रों के साथ शिक्षकों और स्टाफ ने भी भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों, विद्यार्थियों, सुरक्षा सेवाओं से जुड़े कर्मियों तथा आम जनता के बीच सीपीआर (हृदयगति रुकने पर जीवन रक्षक तकनीक) के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रशिक्षण देना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्था के जनपद सचिव अमृत लाल खंडेलवाल के मार्गदर्शन में हुआ।

सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का महत्व बताते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी की सीपीआर कार्यक्रम संयोजक डॉ. विनीता गुप्ता ने विद्यालय के छात्रों को रेड क्रॉस और हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर की आवश्यकता के बारे में बताया। कार्यक्रम में सीएमओ से आए चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहताश मीणा ने सीपीआर तकनीक का प्रदर्शन किया और बताया कि यह ऐसा तरीका है जिसमें बिना किसी उपकरण के दम तोड़ते व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। रेड क्रॉस सोसाइटी के जनपद संयोजक शिवकुमार और प्रबंध समिति के सदस्य राकेश अग्रवाल (गिलट वाले) और डॉ.चंद्र प्रकाश राजौरिया ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभाली। विद्यालय की ओर से रेड क्रॉस पदाधिकारियों का पटका पहना कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने रेड क्रॉस के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर एक्सीलेंट कंप्यूटर्स के निदेशक श्याम सुंदर गौतम, दिनेश शर्मा भी मौजूद थे।

## वेटरनरी विवि में मना वन हेल्थ-डे उत्सव



**मथुरा।** उप्र पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा ने बड़े उत्साह के साथ वन हेल्थ डे मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र द्वारा छात्र नेतृत्व वाली जागरूकता रैली को झंडा दिखाने के साथ हुई जिसमें मानव पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंर्त संबंध पर प्रकाश डाला गया। कक्षा 9 व 11 के स्कूली छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र में वन हेल्थ अवधारणा पर एक मल्टी मीडिया प्रस्तुति दी गई जिसमें अधिष्ठाता पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय ने छात्रों को भविष्य के एक स्वास्थ्य दूत के रूप में प्रेरित किया। विश्वविद्यालय ने एक विश्व एक स्वास्थ्य का संदेश फैलाने के लिए एक पॉडकास्ट और रेडियो प्रसारण भी जारी किया। यह उत्सव वैश्विक वन हेल्थ पहल के तहत जागरूकता सहयोग और शिक्षा के प्रति दुवासु की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# आशा व आशा संगिनियों ने किया धरना-प्रदर्शन



- राज्य कर्मचारी का दर्जा और सम्मानजनक मानदेय की मांग की

**फिरोजाबाद।** ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को सिरसागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान आशा एवं आशा संगिनियों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में मांग की गई कि राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और सम्मानजनक मानदेय एवं बकाया भुगतान शीघ्र कराया जाए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनीषा यादव ने कहा कि वर्ष 2005-06 से आशा और आशा संगिनी अपनी जान की परवाह न करते हुए सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को सफल बनाने का काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा जच्चा-बच्चा की जान बचाना हो, पोलियो मुक्त भारत बनाना हो, संचारी रोग अभियान, टीकाकरण, नसबंदी या फिर कोविड-19 महामारी जैसी गंभीर बीमारी को मात देना हो, हमने इन सभी कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। प्रदेश महामंत्री संध्या सिंह और महासचिव ऊषा पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि आशा कार्यकर्त्रियां 2005-06 से ही जच्चा-बच्चा देखभाल, टीकाकरण, कोविड जैसे अभियानों में कार्यरत हैं। प्रदेश महामंत्री संध्या सिंह ने आरोप लगाया सरकार ने निश्चित मानदेय का वादा किया था, लेकिन वह अभी तक लागू नहीं हुआ है। सरकार बनने पर आश्वासन दिया गया था कि आशा और संगिनी को सम्मानजनक मानदेय दिया जाएगा, लेकिन यह आश्वासन भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है।₹ उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी आशाओं और संगिनियों को राज्य कर्मचारियों का दर्जा दिया जाना चाहिए और सभी आशाओं का आभा कार्ड बनाने के लिए लंबित सभी भुगतान शीघ्र किए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## कार्तिक पूर्णिमा पर सवा लाख दीपकों से जगमगायेंगे यमुना के घाट

**मथुरा।** देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा विगत 18 वर्षों से यमुना जी के सभी घाटों पर असंख्य दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इस बार भी यह आयोजन कार्तिक पूर्णिमा 05 नवंबर बुधवार को सायं 05 बजे से वेदव्यास जी की साधना स्थली कृष्णगंगा घाट से विश्राम घाट सहित ध्रुव जी महाराज की तपस्थली ध्रुव घाट तक एवं यमुना पार के सभी प्राचीन घंटों पर सवालाख दीपक प्रज्वलित कर भव्य देव दीपावली महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आयोजन सती बुर्ज राजा घाट पर होगा जिसमें ब्रज के पूज्य संत धमार्चार्यों एवं मथुरा महानगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा शंखध्वनि के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर महोत्सव समिति के पदेन संयोजक/सचिव सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार के साथ देव दीपावली महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा, महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, प्रयाग नाथ चतुर्वेदी, योगेश उपाध्याय आवा, महेन्द्र दत्त आचार्य, संदीप माथुर, नारायण प्रसाद शर्मा, अजय चतुर्वेदी, पंडित पंकज शर्मा, आशीष माहेश्वरी, रामकृष्ण पाठक, नरेश शर्मा बब्बू आदि पदाधिकारियों ने देव दीपावली महोत्सव को वाराणसी व अयोध्या के तर्ज पर भव्यता प्रदान करने के लिए व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा ने कहा कि पुराणों के अनुसार आषाढ़ पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक चातुर्मास में ब्रज में 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास रहता है कार्तिक पूर्णिमा को सभी देवी-देवता मां यमुना जी से आशीर्वाद लेकर अपने अपने स्थान पर प्रस्थान करते हैं इसी मान्यता को लेकर देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा यह भव्य आयोजन किया जाता है। महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने बताया कि यमुनाजी के सभी घाट सवालाख दीपकों से जगमगाएंगे तथा सभी घाटों पर आकर्षक लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विशाल शिवलिंग आकर्षण का केन्द्र रहेगा प्रमुख घाटों पर रंग, फूलों व दीपकों से आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी तथा नाव पर आकर्षक झांकियां सजाई जाएगी। महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने समस्त ब्रजवासियों से अपील करते हुए कहा है कि यह महोत्सव विश्व-कल्याण की कामना लेकर तथा राष्ट्र के लिए समर्पित अमर शहीदों की आत्मशांति और अपने परिवार की सुख समृद्धि ऐश्वर्य प्राप्ति एवं अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में और यमुना प्रदूषण मुक्ति संकल्प अभियान को शक्ति प्रदान करने हेतु आयोजित किया जाता है। आप सभी ब्रजवासी कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर एक दीपक मां यमुना जी के सम्मुख प्रज्वलित कर पुण्य कार्य में सहभागी बने। बैठक में मथुरा वृन्दावन नगर निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक, विद्युत विभाग, पुलिस प्रशासन, ट्रेफिक पुलिस, सिविल डिफेंस आदि विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## बृज रज महोत्सव की पार्किंग में खड़ी दो कारें जलीं



**मथुरा।** बृज रज महोत्सव के दौरान देर शाम पार्किंग में खड़ी दो कारों में आग लग गई। यह घटना मथुरा थाना कोतवाली क्षेत्र के धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में हुई, जहां इन दिनों बृज रज महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही पलों में दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पार्किंग में खड़ी कारों में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। आग तेजी से फैली, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। गाड़ियों के मालिक कपिल अग्रवाल ने बताया कि वह महोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे थे और मात्र पांच मिनट पहले ही कार पार्क कर कार्यक्रम स्थल के अंदर गए थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि दोनों गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग लगने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। वहीं, अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल स्थिति सामान्य है और महोत्सव का कार्यक्रम जारी है।

## खाद्य सुरक्षा टीम का चेकिंग अभियान जारी
## बरसाना की दुकानों से एकत्र किये नमूने



**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दलवीर सिंह, राम नरेश व भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विगत दिवस को अभय मिष्ठान भंडार, बरसाना से पेड़ा का एक नमूना व 04.11.2025 को सुदामा चैक एवं श्रीजी मंदिर, बरसाना, मथुरा के समीप स्थित मिठाईयों की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ पेड़ा के तीन नमूने क्रमशः खाद्य कारोबारकर्ता सुरेश यादव, संतोष कुमार व बंशो निवासी बरसाना से संग्रहित किये गये। संग्रहित किये गये कुल चार नमूनों को जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं-पुलिसकर्मियों में मारपीट



**मथुरा।** वृन्दावन बांकेबिहारी मंदिर की व्यवस्थाएं सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी से लेकर जिला और पुलिस प्रशासन के हवाले है। बावजूद इसके मंदिर में दर्शन व्यवस्था में काफी दिक्कतों का सामना श्रद्धालुओं को करना पड़ रहा है। मंगलवार को एटा के श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी और मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं घटना के बाद चार श्रद्धालुओं को हिरासत में ले लिया गया है।

तीर्थनगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पहले मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे मंदिर के प्रवेश द्वारा नंबर एक पर एटा के अलीगंज से आए श्रद्धालुओं अभय, सिंह, संजय सिंह, राहुल सिंह और सुनीता की मंदिर में प्रवेश को लेकर पुलिस से कहासुनी हो गई। वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक आ गई और दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चलने लगे। इस दौरान कुछ महिलाओं को भी बीच-बचाव करते हुए देखा गया। घटना से मंदिर में अफरातफरी मच गई। मंदिर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामला बिगड़ता देख कोतवाली से अतिरिक्त फोर्स बुलाईं। जिसके बाद भीड़ को नियंत्रित किया गया तथा एंक महिला और तीन पुरुषों सहित चार श्रद्धालुओं को हिरासत में ले लिया गया। श्रद्धालुओं का आरोप है कि महिलाओं से धक्का-मुक्की की गई, लाइन में लगे कुछ लोग महिलाओं को खींच रहे थे। वहीं पुलिस एंट्री गेट से बाहर निकल रही थी। जिसके चलते अव्यवस्था हुई। वहीं पुलिस का कहना है कि भारी तादाद में भीड़ होने के चलते श्रद्धालुओं के जत्थे को रोक-रोककर मंदिर में भेजा जा रहा था। जिसे नकारकर कुछ श्रद्धालु जबरन मंदिर में घुसने का प्रयास करने लगे। इससे अशांतिपूर्ण स्थिति पैदा हुई। वहीं पुलिसकर्मियों की कुछ महिला श्रद्धालुओं से भी तीखी बहस हुई। पुलिस का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रचण में है।

कार्तिक पूर्णिमा के पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। घटना के खुलासे के बाबत सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। हिरासत में लिए गए चारों श्रद्धालुओं के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में बांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा में तैनात हैड कांस्टेबिल जगवेंद पुत्र रामसनेही द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं घटना के बाद मंदिर में सुगम दर्शन की व्यवस्थाओं के हाई पावर्ड कमेटी तथा जिला प्रशासन के दावों और इंतजामों पर सवाल खड़े हुए हैं।

संक्षेप

## गूगल का व्हेयर इज माई ट्रेन ऐप अब आईओएस पर भी उपलब्ध

नयी दिल्ली। गूगल ने व्हेयर इज माई ट्रेन ऐप को एप्पल ऐप स्टोर पर लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे अब भारत के इस भरोसेमंद ट्रैवल ऐप को आईफोन उपयोगकर्ता भी इस्तेमाल कर सकते हैं।यह ऐप हर महीने 10 करोड़ से ज्यादा लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वे देशभर में लंबी दूरी की ट्रेनों, लोकल ट्रेनों और स्टेशनों की जानकारी आसानी से ले सकें। लॉन्च के बाद इस ऐप को लोगों ने बेहद पसंद किया है और यह भारत में एप्पल ऐप स्टोर पर शीर्ष ट्रैवल ऐप्स में से एक बन गया है। इस ऐप का आईओएस संस्करण खासतौर पर भारतीय यात्रियों के लिए बनाए गए उपयोगी फीचर्स के साथ आता है। उपयोगकर्ता इसमें सटीक और लाइव ट्रेन ट्रैकिंग देख सकते हैं, जिसमें रियल-टाइम लोकेशन और अनुमानित आगमन समय (ईटीए) की जानकारी मिलती है। इस ऐप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह ऑफलाइन भी काम करता है, यानी कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों में भी आप ट्रेन के शेड्यूल और रूट देख सकते हैं।

## अमेरिकन टूरिस्टर का नया कैंपेन लॉन्च

मुंबई। अमेरिकन टूरिस्टर ने अपने नये कैम्पेन नासिक में बना। दुनिया के लिए के रूप में एक कैंपेन को लॉन्च किया है जो इस ब्रांड की वैश्विक यात्रा के पीछे, इस शहर की भूमिका को पेश करती है। नासिक जहाँ इस ब्रांड की सबसे बड़ी फैक्टरी है यहां हुनर और कारीगरी जीवंत हो जाती है। यह कैम्पेन उस गौरव, पैमाने और लोगों के प्रति सम्मान है जो अमेरिकन टूरिस्टर के सफर को वैश्विक ट्रैवल आइकन के रूप में सशक्त बनाते हैं।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने की देव दीपावली पर बात

नयी दिल्ली। देव दीपावली, जिसे देवताओं का दीपोत्सव भी कहा जाता है, भारत का एक बहुत ही पवित्र और खूबसूरत त्योहार है। यह दीपावली के पंद्रह दिन बाद मनाया जाता है और वाराणसी के घाटों को अनगिनत दीयों, रंगीन परंपराओं और गहरी भक्ति से रोशन कर देता है। लाखों लोग गंगा के किनारे इस अद्भुत नजारे को देखने आते हैं। इस मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों पारस अरोड़ा, गीतांजलि मिश्रा और विदिशा श्रीवास्तव ने अपने यादगार अनुभव, पारिवारिक परंपराएँ और त्योहार से जुड़ी भावनाएँ साझा कीं। एण्डटीवी के आगामी शो घरवाली पेड़वाली में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा ने कहा कि देव दीपावली मेरे लिए हमेशा जादुई अनुभव रहा है। अपने होमटाउन बरेली में हम दिन की शुरूआत मंदिर में आरती से करते हैं और घर को मिट्टी के दीयों से सजाते हैं। मेरी माँ और मैं प्रसाद बनाते हैं और बालकनी में दीये जलाते हैं, जिससे लगता है कि दिव्य ऊर्जा हमारे घर में आ गई है। बचपन से ही मैं घर पर पानी के कटोरे में छोटे-छोटे दीये तैराता आया हूँ, ऐसा लगता है जैसे घाट हमारे घर आ गया हो।

## धरन इंफ्रा ने 215 करोड़ का सप्लाई एग्रीमेंट किया

नई दिल्ली। धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी धरन इंफ्रा सोलर प्रा. लि. ने हाल ही में स्काइमैक्स इंफ्रापावर लिमिटेड, उत्तर प्रदेश के साथ एक सप्लाई एग्रीमेंट साईन किया है। इस कान्टैक्ट की वेल्यू लगभग 215 करोड़ रुपए है। यह एग्रीमेंट मुख्य रूप से डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के कार्यों को शामिल करता है, जो 75 मेगावाट एली सोलर प्रोजेक्ट के लिए किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में नौ साईट्स पर डेवलोप कीए जाएगे। जो वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-27 के बीच में पूर्ण होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह एक नोन-रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन है, जिसे कंपनी ने अपने सामान्य व्यावसायिक कार्यों के तहत पूरा किया है।

## बजाज फाइनेंस ने की 27% की वृद्धि दर्ज

बंगलुरु। बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27% अधिक संख्या में और 29% अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं। उपभोक्ता वस्तुओं के लिए लिए गए इन कर्ज में बढ़ोतरी सरकार के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों और व्यक्तिगत आयकर दरों में किए गए बदलावों का सकारात्मक परिणाम है, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ाना रहा है। बजाज फाइनेंस ने 22 सितंबर से 26 अक्टूबर के बीच लगभग 63 लाख कर्ज वितरित किये।

# सेंसेक्स में 519 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 519 अंक का गोता लगा गया जबकि निफ्टी 166 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 565.72 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई। सितंबर तिमाही के लाभ में गिरावट से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। बेहतर वित्तीय परिणाम के कारण टाइटन में सबसे ज्यादा 2.28 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में 59 प्रतिशत चढ़कर 1,120 करोड़ रुपये रहा। कमजोर वैश्विक संकेतों और खासकर आईटी, धातु और बिजली क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। छुट्टी के कारण कम कारोबारी दिन वाले सप्ताह को लेकर निवेशकों का रुझान सुस्त रहा। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और निकट भविष्य में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की घटती उम्मीदों के कारण जोखिम उठाने की क्षमता कम होने से एफआईआई ने लगातार चौथे सत्र में बिकवाली जारी रखी। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,883.78 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 3,516.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.69 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.26 प्रतिशत नीचे आया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,549 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 1,618 शेयरों में तेजी आई। वहीं 162 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। गुरु नानक जयंती के मौके पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

## कमजोर वैश्विक रुख से सोना 1200 रुपये टूटकर 1.24 लाख रुपये पर, चांदी भी कमजोर



नयी दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जिससे लगातार दूसरे सत्र में इसकी गिरावट जारी रही। सोमवार को यह 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के दबाव में मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया। चांदी भी मंगलवार को 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव बढ़ा। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 7.84 डॉलर की गिरावट के साथ 3,993.65 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 47.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## पीएलआई योजना के तीसरे दौर की शुरुआत

नयी दिल्ली। इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को विशेष इस्पात क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे दौर की शुरुआत की। यह योजना घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। मंत्री ने यहां आयोजित एक समारोह में विशेष इस्पात के लिए पीएलआई 1.2 नामक पीएलआई योजना के तीसरे दौर की शुरुआत की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना को जुलाई, 2021 में 6,322 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य भारत को उच्च मूल्य और इस्पात के आधुनिक ग्रेड के उत्पादन के लिए वैश्विक केंद्र में बदलना है। यह योजना चिन्हित उत्पाद श्रेणियों में उत्पादन में वृद्धि और निवेश को प्रोत्साहित करती है। इससे देश के भीतर मूल्यवर्धन बढ़ेगा और रक्षा, बिजली, वैमानिकी और बुनियादी ढांचा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात निर्भरता कम होगी। पहले दो दौर के तहत, पीएलआई योजना ने अब तक 43,874 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की है। इसमें से 22,973 करोड़ रुपये पहले ही निवेश किए जा चुके हैं। इसके साथ ही पहले दो दौर के तहत 13,000 से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।

## रुपया 11 पैसे बढ़कर 88.66 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 11 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत डॉलर, विदेशी कोषों की निकासी और सुस्त घरेलू शेयर बाजार ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.55 पर खुला और इसने डॉलर के मुकाबले 88.28 के दिन के उच्चतम स्तर को छुआ। इसने 88.67 के निचले स्तर को भी छुआ और सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले 88.66 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 11 पैसे की बढ़त है। सोमवार को, लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 88.77 पर बंद हुआ, जो अपने सर्वकालिक बंद स्तर के करीब है। रुपया 14 अक्टूबर को डॉलर के मुकाबले 88.81 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था। बुधवार को गुरु नानक जयंती की छुट्टी के कारण विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहेंगे। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.80 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.37 प्रतिशत गिरकर 64 डॉलर प्रति बैरल रह गया। घरेलू शेयर बाजारों में, सेंसेक्स 519.34 अंक टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 165.70 अंक टूटकर 25,597.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 1,883.78 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट




नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत 69 रुपये की गिरावट के साथ 5,372 रुपये प्रति बैरल रह गयी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का दिसंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 69 रुपये या 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,372 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 2,495 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने जमा सौदों की कटान करने से कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.48 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.92 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 64.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या



नयी दिल्ली। इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि बाजार में इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या है। खासकर तब जब सरकार अगले पांच से सात वर्ष में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इस्पात शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि पांच साल पहले इस्पात की कीमतें अपेक्षा से अधिक थीं। उन्होंने कहा कि हालांकि आज इस्पात की कीमतें अपेक्षा से कम हैं। इसलिए कीमत एक चुनौती है... छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। पौंड्रिक ने कहा कि कम कीमत के कारण लगभग 150 छोटी कंपनियों ने इस्पात का उत्पादन बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसलिए ये लोग, छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। आपने अभी-अभी सभी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई है। सचिव ने कहा कि कीमत एक समस्या है, खासकर तब जब हमें अगले पांच से सात वर्ष में 10 करोड़ टन क्षमता में निवेश करना होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि दुनिया भर में खासकर चीन में अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप डंपिंग न केवल हमारे लिए, बल्कि हर देश के लिए...एक वास्तविक समस्या है। पौंड्रिक ने कहा, क्योंकि इसका असर कीमतों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू इस्पात कंपनियों को उचित मूल्य मिले। सचिव ने कहा कि सरकार ने आयातित इस्पात पर अस्थायी रूप से सुरक्षा शुल्क लगाया है ताकि घरेलू इस्पात उद्योग को कोई समस्या न हो। पौंड्रिक ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि इस्पात की खपत बढ़ रही है और उत्पादन क्षमता भी बढ़ रही है।

## फ्लिपकार्ट बना रहा नये ट्रेड कॉरिडोर्स को मजबूत

बंगलुरु। भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के डिजिटल कॉमर्स परिदृश्य में बड़ा बदलाव किया है। इसके प्लेटफॉर्म पर सूरत और भिवंडी से लेकर जयपुर और करनाल तक नए रीजनल ट्रेड हब उभरकर सामने आ रहे हैं और लगातार विकास कर रहे हैं। त्योहारी सीजन के दौरान विकास की व्यापक संभावनाओं वाले इन क्लस्टर्स से नए सेलेक्शन का इनफ्लो 1.4 गुना हो गया है। इस तेजी के साथ फ्लिपकार्ट टियर-2 और टियर-3 कस्बों के उद्यमियों को सस्टेनेबल तरीके से और टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ने तथा भारत की कॉमर्स स्टोरी को नए मुकाम पर पहुंचाने में मदद कर रहा है। टियर-2 शहरों में भुवनेश्वर, भिवंडी और दुर्गापुर से इस त्योहारी सीजन के दौरान सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली।

## विपणन वर्ष 2025-26 में चीनी उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 343.5 लाख टन होने की संभावना

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय इस्मा ने कहा है कि मुख्य रूप से महाराष्ट्र में अधिक उत्पादन के कारण, सितंबर में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष 2025-26 में भारत का चीनी उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 343.5 लाख टन होने का अनुमान है। विपणन वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) में सकल चीनी उत्पादन 296.10 लाख टन रहा है। बढ़े हुए क्षेत्रफल और उत्पादकता के कारण, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन विपणन वर्ष 2024-25 के 93.51 लाख टन के उत्पादन के मुकाबले बढ़कर 130 लाख टन हो जाने की उम्मीद है। मंगलवार को एक बयान में, भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने कहा कि शुद्ध चीनी उत्पादन (एथनॉल उत्पादन की ओर स्थानांतरित करने के बाद) पहले के 261.08 लाख टन से बढ़कर 309.5 लाख टन होने का अनुमान है। अनुमान है कि विपणन वर्ष 2025-26 में 34 लाख टन एथनॉल उत्पादन में लगाया जाएगा, जबकि पिछले वर्ष यह 35 लाख टन था। इस्मा ने कहा कि 50 लाख टन चीनी के शुरुआती स्टॉक को ध्यान में रखते हुए, विपणन वर्ष 2025-26 में कुल उपलब्धता 359.5 लाख टन होगी, जबकि वार्षिक घरेलू मांग 285 लाख टन अनुमानित है।

## आसान भुगतान के लिए हुआ एमओयू

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक और नगरीय परिवहन निदेशालय, लखनऊ ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के माध्यम से कैशलेस, संपर्क रहित, सुरक्षित और आसान भुगतान के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। नगरीय परिवहन निदेशालय और भारतीय स्टेट बैंक ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के माध्यम से यात्रियों द्वारा कैशलेस, संपर्क रहित, सुरक्षित और आसान भुगतान प्रदान करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। महेंद्र बहादुर सिंह, निदेशक/विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार और धीरज कुमार, उप महाप्रबंधक, लखनऊ (पश्चिम) ने भारतीय स्टेट बैंक की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

पेज एक का शेष

### बिहार में

भीड़ के मामले में पिछली रैली का रिकार्ड टूट रहा है तथा महिलाएं इनमें बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं। उन्होंने कहा, मैं चुनावों पर करीबी नजर रख रहा हूं और यह स्पष्ट है कि राजग जीत रहा है और वह भारी अंतर से जीत हासिल करने जा रहा है। इसलिए मुझे जीत पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन (मैं चाहता हूं कि) अधिक से अधिक मतदान होना चाहिए। बिहार में राजग के प्रति जबरदस्त उत्साह होने का दावा करने वाली एक भाजपा कार्यकर्ता से बात करते हुए मोदी ने कहा कि उसके शब्द गरीबों, दलितों, महादलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों में व्याप्त भावना को प्रतिध्वनित करते हैं। उन्होंने कहा, बिहार के लोगों ने राजग के पिछले 20 वर्षों के जीत के रिकॉर्ड को तोड़ने का मन बना लिया है, जबकि जंगलराज लाने वाले लोगों को राज्य में अपनी सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी बिहार में महागठबंधन पर हमला करने के लिए जंगल राज शब्द का इस्तेमाल करते आए हैं। जंगलराज शब्द का स्पष्ट संदर्भ उस समय से है, जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी का शासन था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार महिलाओं के जीवन को आसान बनाने और उनका सशक्तीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, जब राज्य में सुशासन और कानून का राज स्थापित होता है, तो महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। यही कारण है कि बिहार की बेटियां अब स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार प्रदाता बन रही हैं। मोदी ने कहा कि जंगलराज के दौर में महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल था, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा, अब महिलाएं अस्पतालों, रेलवे स्टेशन और अन्य जगहों पर रात के समय भी निडर होकर काम करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बिहार की महिलाएं जंगल राज के खिलाफ दीवार की तरह खड़ी हैं। उन्होंने उस अराजक दौर को कभी वापस न आने देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि जंगल राज के समर्थक बिहार की महिलाओं से तरह-तरह के झूठ बोलने में व्यस्त हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने बिहार चुनाव में राजद नेता और लालू के बेटे तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

### गरीबों में बांटी

के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भाजपा नेता ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, आज जो लोग बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं, उन्होंने ही 20 वर्ष पहले बिहार को उसकी पहचान से वंचित कर दिया था। उन्होंने बिहार के युवाओं से उनके अधिकार और रोजगार छीन लिए, गरीबों के हक को लूटा और राज्य को जंगलराज में तब्दील कर दिया। आदित्यनाथ ने कहा कि जनता के सामने जो महागठबंधन है, वही वह गठबंधन है जिसने बिहार को अराजकता और असुरक्षा के दौर में धकेल दिया था। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन का दौर शुरू हुआ और आज समय है कि इसी आधार पर बिहार को और आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजग सरकार के कार्यकाल में राज्य के किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए कार्गो और ड्राई पोर्ट का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा, बिहार की राजग सरकार ने विकास और विरासत के बीच उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया है। इससे पहले योगी ने दरभंगा में रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### बिलासपुर में

करके आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उन्होंने बताया कि यात्री और उनके परिजन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करके आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन पूरी तत्परता से सहायता और समन्वय सुनिश्चित कर रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर दुख जताया है। साय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। रेलवे और प्रशासन की टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं। घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर रख रही है। वहीं संवाददाताओं से बात करते हुए, एक घायल महिला यात्री ने बताया कि ट्रेन तेज रफ्तार से चल रही थी, तभी अचानक वह मालगाड़ी से टकरा गई। इससे पहले कि मैं समझ पाती कि क्या हुआ, लोग चिल्लाने लगे और मदद के लिए पुकारने लगे। पड़ोसी जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा कस्बे से बिलासपुर जा रही महिला ने बताया कि वह उसी कोच में थी जो मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया था। उन्होंने कहा, टक्कर के बाद मेरा पैर सीट के नीचे फंस गया। मुझे बचाव दल ने निकाला और पहले रेलवे अस्पताल ले जाया गया, फिर दूसरे अस्पताल में भेज दिया गया। महिला ने बताया कि इस हादसे में उनके पैर की हड्डी टूट गई है। रेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद लगभग एक दर्जन रेल गाड़ियों की आवाजाही पर असर पड़ा है।

### माफिया मुख्तार

बनाए गए। डालीबाग में अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,322 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की। एलडीए वीसी ने बताया कि योजना में ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है। 20 मीटर चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये रखी गयी है। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यहां पर बाह्य विकास कार्य जैसे रोड और पार्क का निर्माण भी किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लॉटरी प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। सोमवार को पंजीकरण अवधि समाप्त होने तक लगभग 8000 लोगों ने पंजीकरण कराया।

### शहरी विकास

प्रभावित किया लेकिन इन 25 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा में हमारे राज्य ने अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, समृद्धि और सुशासन के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखण्ड का नगरीय स्वरूप तेजी से बदला है। वर्ष 2001 में जहां राज्य की शहरी जनसंख्या लगभग 16 प्रतिशत थी, वहीं आज यह बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। यही नहीं, राज्य गठन के समय राज्य में केवल 63 स्थानीय निकाय थे और देहरादून एकमात्र नगर निगम हुआ करता था, लेकिन आज राज्य में 107 नगरीय निकाय और 11 नगर निगम शहरों के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के समय शहरी विकास विभाग का बजट जहां केवल 55 करोड़ रुपये था, वहीं आज यह बढ़कर 13 सौ करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। बीते 25 वर्षों में हमारे शहरों ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर भी सृजित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलते हुए भारत को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर काशीपुर दीपक बाली, अन्य जनप्रतिनिधि, सचिव शहरी विकास नितेश कुमार झा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा उपस्थित थे।

### प्रदेश में 8 से

इस अवधि में ऑनलाइन रजिस्ट्री और अन्य आवेदनों के काम अस्थाई रूप से बाधित रहेगा। इसलिए उप निबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्री का काम नहीं किया जाएगा। इस अवधि में रजिस्ट्री न होने की जानकारी आम लोगों, अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को दी जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार का सहारा भी लिया जाए, जिससे किसी प्रकार से लोगों की असुविधा न हो। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी 10 व 11 नवंबर को अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर नियमित कार्यालय का काम करेंगे। जरूरत के आधार पर सर्वर टेस्टिंग संबंधी काम में सहयोग भी करेंगे।

### आतंकवाद से

भारत और इजराइल दोनों आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम कठिन समय में एक साथ खड़े रहे हैं और हमारे संबंध आपसी विश्वास पर आधारित हैं। दोनों देश आतंकवाद की विशेष चुनौती का सामना कर रहे हैं। गिदोन सार ने कहा कि इजराइल इस समय गाज़ा में हमास, लेबनान में हिजबुल्ला, और यमन में हूती जैसे कट्टर आतंकवादी संगठनों से मुकाबला कर रहा है। हमास के आतंकवादी शासन को खत्म करना राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप की योजना का प्रमुख हिस्सा है। हम हमास को निशस्त्र करने के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत गाजा शांति योजना के घटनाक्रमों पर करीबी नज़र रखे हुए है। हम बंधकों की रिहाई और उन लोगों के अवशेषों की वापसी का स्वागत करते हैं, जिन्होंने दुर्भाग्यवश अपनी जान गंवा दी। भारत गाजा शांति योजना का समर्थन करता है और आशा करता है कि यह स्थायी समाधान की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगी।

### सबसे अधिक


रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 480 मामलों का निस्तारण किया है। इसका रेश्यो 192 प्रतिशत है। इसी के साथ जनपदीय न्यायालय में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि मानक 300 के सापेक्ष 334 मामलों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर लखीमपुर खीरी और मानक 300 के सापेक्ष 310 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर बस्ती है। इसी तरह अक्टूबर में जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 71 मामलों का निस्तारण कर 236.67 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और जौनपुर प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं भदोही के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 63 मामले निस्तारित किये गये। वहीं, मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 51 मामले निस्तारित किये गये। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में भदोही दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।




# कर्नाटक ने केरल को 164 रन से हराया

## मोहसित ने 29 रन देकर छह विकेट चटकाये, केरल की टीम फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में 184 रन पर ढेर हो गई

एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। मोहसिन खान के छह विकेट से कर्नाटक ने मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के चौथे और अंतिम दिन पिछले साल के उप विजेता केरल को पारी और 164 रन से रौंद दिया। मोहसित ने 29 रन देकर छह विकेट चकाए जिससे केरल की टीम फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में 184 रन पर ढेर हो गई।

कर्नाटक को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। कनार्टक ने पहली पारी पांच विकेट पर 585 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में केरल की टीम पहली पारी में 238 रन ही बना सकी थी। इंदौर में मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। पहली पारी में 74 रन की बढ़त हासिल करने वाले मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 73 रन बनाकर कुल 147 रन की बढ़त हासिल की तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। छत्तीसगढ़ को एक अंक मिला। चंडीगढ़ में गोवा ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। मेजबान टीम को एक अंक मिला। पंजाब के 325 रन के जवाब में गोवा ने छह विकेट पर 494 रन पर पारी घोषित करके 171 रन की बढ़त हासिल की थी। पंजाब ने दूसरी पारी में जब चार विकेट पर 179 रन बनाए जो मैच ड्रॉ करा दिया गया। निहाल वढेरा ने नाबाद 55 जबकि रमनदीप सिंह ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। नासिक में महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के बीच मैच नीरस ड्रॉ रहा। सौराष्ट्र ने पहली पारी पांच विकेट पर 394 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में मौसम से प्रभावित मैच में मेजबान टीम ने पहली पारी में एक विकेट पर 55 रन बनाए। दोनों टीम की पहली पारी भी पूरी नहीं होने के कारण दोनों को एक-एक अंक मिला। वहीं दूसरी ओर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी पुख्ता करता हुए 16वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया लेकिन मुंबई की टीम राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में एक ही अंक बना सकी। राजस्थान ने पहली पारी में 617 रन बनाने के बाद 363 रन की बढत ले ली थी। दीपक हुड्डा ने 248 रन की यादगार पारी खेली।

पहली पारी में 254 रन बनाने वाली मुंबई टीम ने तीसरे दिन के आखिर में बिना किसी नुकसान के 89 रन बना लिये थे। आखिरी दिन जायसवाल ने 174 गेंद में 156 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई ने तीन विकेट पर 269 रन बनाये।

### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

अहमदाबाद। निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया। गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया।

विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए। गुजरात ने इससे पहले दिन की शुरुआत दूसरी पारी में आठ विकेट पर 113 रन से की और टीम 137 रन पर आउट हो गई।

हरियाणा की ओर से ऑफ स्पिनर निखिल कश्यप ने 59 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि शांडिल्य और सिंधू और वत्स को दो-दो विकेट मिले। अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला। बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए। दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया।

# मीराबाई चानू का भार वर्ग 2028 ओलंपिक से हटाया



नयी दिल्ली। स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं। चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था।

लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है। भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेगी।

शर्मा ने पीटीआई से कहा, यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा, आईओसी द्वारा लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन कार्यक्रम को बढ़ाने के उत्साहजनक फैसले के बाद अब 12 स्पर्धाएं (छह पुरुष, छह महिलाएं) आयोजित की जाएंगी। यह दूसरी बार है जब आईडब्ल्यूएफ ने एक वर्ष से भी कम समय में श्रेणियों में बदलाव किया है। चानू इस साल की शुरुआत में 48 किग्रा वर्ग में आ गई थीं, जब आईडब्ल्यूएफ ने ओलंपिक से 49 किग्रा वर्ग को हटा दिया था। हालांकि अब 49 किग्रा वर्ग को विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में फिर से शामिल कर लिया गया है, लेकिन यह ओलंपिक में शामिल नहीं होगा।

चानू ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अगले साल होने वाले एशियाई खेलों तक 48 किग्रा49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती रहेंगी। उसके बाद, ओलंपिक की तैयारी के लिए धीरे-धीरे 53 किग्रा वर्ग में आगे बढ़ने के लिए उनके पास दो साल का समय होगा। शर्मा ने कहा फिलहाल वह एशियाई खेलों तक इसी भार वर्ग में खेलेंगी, उसके बाद हम वजन को 53 किलोग्राम में बदलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

## संक्षेप

### रयबाकिना डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में

रियाद। एलेना रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके इगा स्वियातेक को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में अमांडा अनिसिमोवा ने भी शुरुआती सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन कीज़ पर 4-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अनिसिमोवा की जीत का मतलब है कि उनके और स्वियातेक के बीच बुधवार को होने वाला ग्रुप चरण का आखिरी मैच क्वार्टर फाइनल जैसा बन गया है। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली खिलाड़ी सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। कीज लगातार दूसरी हार से अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई है।

### बधिर खिलाड़ियों के पुरस्कार को मानदंड तैयार करे : न्यायालय

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह बधिर खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, 2025 प्रदान करने के लिए जल्द से जल्द उचित मानदंड तैयार करे। अदालत ने कहा कि मौजूदा मानदंड पैरा खिलाड़ियों की तुलना में उनके साथ भेदभाव करते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 बधिर व्यक्तियों तथा शारीरिक या चलने-फिरने में अक्षम व्यक्तियों के बीच भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार की योजना में बधिर खिलाड़ियों के लिए अवसर की कमी से भेदभावपूर्ण व्यवस्था तैयार होती है।

### झारखंड ने नगालैंड को पारी के अंतर से हराया

रांची। बायें हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय के कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 13 विकेट की मदद से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में नगालैंड को पारी के अंतर से हराकर बोनस अंक समेत सात अंक हासिल कर लिये। रॉय के आठ विकेट की मदद से झारखंड ने नगालैंड को 154 रन पर समेट दिया। इससे पहले झारखंड ने अपनी पारी आठ विकेट पर 510 रन पर घोषित की थी। रॉय ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिये जिसकी मदद से झारखंड ने नगालैंड को 196 रन पर आउट कर दिया। नगालैंड के लिये कप्तान रोंगसेन जोनाथन ने दूसरी पारी में 50 रन बनाये लेकिन कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका।

## राज्य ताइक्वांडो : विश्वनाथ एकेडमी आशियाना के विद्यार्थियों ने जीते तीन स्वर्ण और चार पदक




लखनऊ। विश्वनाथ एकेडमी आशियाना के विद्यार्थियों ने लखनऊ के महाराजा अग्रसेन शिक्षण संस्थान मोतीनगर में 1 व 2 नवंबर, 2025 को आयोजित यूपी राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, 1 रजत सहित 4 पदक अपने नाम करते हुए लखनऊ का परचम लहराया। प्रतियोगिता में लखनऊ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐश्वर्या श्री ने बालिका व्यक्तिगत पूमसे में, श्रेयस अतुल बृहद व प्रद्युम्न शुक्ला ने बालक व्यक्तिगत पूमसे में स्वर्ण पदक जीता जबकि शशांक सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया। ये सभी विद्यार्थी विश्वनाथ एकेडमी आशियाना में मास्टर अतुल यादव (मुख्य प्रशिक्षक-आक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी, ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व राष्ट्रीय निर्णायक) व आकांक्षा विश्वकर्मा व की देखरेख में ताइक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण ले रहे है। पदक विजेताओं की इस सफलता पर स्कूल की प्रधानाचार्या चारु खरे, इंचार्ज संजय मिश्रा व समस्त शिक्षकगणों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चतुर्थ शिवानी कप कराटे चैंपियनशिप नौ को

लखनऊ। लखनऊ के विभिन्न स्कूलों व क्लबों के कराटे खिलाड़ियों के लिए अपने हुनर को दिखाने का मौका 9 नवंबर को होने वाली चतुर्थ शिवानी कप कराटे चैंपियनशिप में मिलेगा। कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तत्वावधान में शिवानी पब्लिक स्कूल द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन चौक स्टेडियम में होगा। चैंपियनशिप के बारे में शिवानी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ सुधीर दुबे ने बताया कि एक दिवसीय इस चैंपियनशिप में 46 स्वर्ण, 46 रजत व 92 कांस्य सहित कुल 184 पदक पर दांव पर होंगे। चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर व कैडेट पायु वर्ग में काता के 12 सहित कुमिते के 34 भार वर्गों में स्पर्धाएं होंगी।

# एशिया कप : भारत ए टीम में जितेश करेंगे कप्तानी

एजेंसी





नयी दिल्ली। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में अपनी चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को 14 से 23 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ए को

**वैभव, प्रियांश राइजिंग स्टार्स**

ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए शामिल हैं। भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। भारत ए टीम में उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। इनमें 14 वर्षीय सूर्यवंशी भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। जितेश आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा थे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में नाबाद 22 रन बनाए थे।

भारत ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की विज्ञप्ति के अनुसार, सीनियर पुरुष चयन समिति ने कतर में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यवंशी फिर से ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे युवा शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने ब्रिस्बेन में भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अंडर-19 युवा टेस्ट में भी शतक बनाया था। शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज प्रियांश ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए अपने प्रदर्शन और सितंबर में कानपुर में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच एक अनौपचारिक वनडे में शतक के दम पर टीम में जगह पक्की की है।

इसके अलावा टीम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह भी शामिल हैं, जिन्होंने कुछ दिन पहले नगालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में तमिलनाडु के लिए हैट्रिक ली थी। राइजिंग स्टार्स एशिया कप टीम को पहले इंडिया इमर्जिंग के नाम से जाना जाता था, जो मुख्य रूप से अंडर-23 टूर्नामेंट था। राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीमः प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।

### एशिया कप : रऊफ पर दो मैच का प्रतिबंध

दुबई। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ़ पर सितंबर में एशिया कप के दौरान खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए मंगलवार को जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के दौरान चार डिमेरिट अंक लगाये जाने से रउफ़ को दो एकदिवसीय मैच के लिए निलंबित भी किया गया। रऊफ को भारत के खिलाफ दो अलग अलग घटनाओं के लिये 30 . 30 प्रतिशत जुर्माने की अलग अलग सजा सुनाई गई। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुई वनडे श्रृंखला में दो मैचों के लिये वह प्रतिबंधित रहेंगे।

### भारतीय महिला टीम पीएम से मिलने दिल्ली पहुंची

नयी दिल्ली। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने मंगलवार की शाम यहां पहुंच गई। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व कप जीता। ताज पैलेस होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई।

# थाईलैंड से मैत्री फुटबॉल मैच खेलेगा भारत

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान 15 नवंबर को थाईलैंड अंडर-23 टीम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम थाईलैंड रवाना होने से पहले सात नवंबर से कोलकाता में तैयारी शिविर के लिए एकत्रित होगी। यह मैच पाथुम थानी के थमासत स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय अंडर-23 टीम ने इससे पहले जून में ताजिकिस्तान में मेजबान टीम और किर्गिस्तान के खिलाफ मुकाबले खेले थे। टीम ने एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से पहले अगस्त में मलेशिया में इराक के खिलाफ भी दो मैच खेले। अक्टूबर में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैच में से भारतीय टीम ने एक मैच 2-1 से जीता जबकि दूसरा 1-1 से ड्रॉ रहा। आगामी मैत्री मैच के लिए मुख्य कोच नौशाद मूसा ने 25 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की।

भारत अंडर-23 संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं :

गोलकीपरः दीपेश चौहान, कमलुद्दीन एके, मोहनराज के, प्रियांश दुबे।

डिफेंडरः दिपेंदु बिस्वास, हर्ष पालंडे, मुहम्मद साहीफ, रिकी मैतेई हाओबाम, रोशन सिंह थांगजम, सनातम्बा सिंह यांगलेम, सुमित शर्मा ब्रह्मचारीमयूम।

मिडफील्डरः आयुष देव छेत्री, लालरिनलियाना हनामटे, मंगलेंथांग किपगेन, मोहम्मद ऐमन, शिवाल्डो सिंह चिंगंगबम, सिंगामयुम शमी, विबिन मोहनन, विनीत वेंकटेश।

### एलएसजी ने टॉम मूडी को वैश्विक क्रिकेट निदेशक बनाया

लखनऊ । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी को इस टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए अपना वैश्विक क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। आईपीएल में व्यापक अनुभव रखने वाले 60 वर्षीय मूडी सनराइजर्स हैदराबाद के दो बार मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में ब्रायन लारा के मुख्य कोच बनने पर यह फ्रैंचाइज़ी छोड़ दी थी। एलएसजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूडी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसका शीर्षक है अनुभव। दृष्टि। नेतृत्व कौशल। सुपर जायंट्स यूनिवर्स में आपका स्वागत है, टॉम मूडी। मूडी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से आठ टेस्ट और 76 एकदिवसीय मैच खेले।

उन्होंने दोनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 1667 रन बनाए और 54 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट शेफ़ील्ड शील्ड में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

# मंधाना, जेमिमा, दीप्ति आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट में शामिल

एजेंसी



दुबई। महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था।

दक्षिण अफ्रीका की भी तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान चुना गया है। उन्होंने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है।

पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता कि किस्मत आपको कहां ले जायेगी : हरमनप्रीत

नयी दिल्ली। बचपन में अपने पिता का बड़ा बल्ला थामकर क्रिकेट का ककहरा सीखने वाली हरमनप्रीत कौर ने सपने देखना कभी नहीं छोड़ा और भारत को पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने के बाद वह खुद को आभारी मानती हैं। नवी मुंबई में रविवार को खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को 52 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने युवाओं को सलाह दी, सपने देखना कभी बंद मत करो। आप कभी नहीं जानते कि आपका भाग्य आपको कहां ले जाएगा। हरमनप्रीत ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा, जब से मैंने बचपन में अपनी पसंद-नापसंद का अंदाज़ा लगाना शुरू किया है, तब से मेरे हाथ में हमेशा बल्ला रहता है। मुझे आज भी याद है कि हम अपने पिताजी के किट बैग से एक बल्ला लेकर खेला करते थे। वह बल्ला बहुत बड़ा था।

# तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था

## राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करेगी सरकार : सीतारमण



नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत वैश्विक मंच पर आज एक तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है और शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत आज अपनी आर्थिक ताकत के दम पर अपने पैरों पर खड़ा है।

उन्होंने कहा कि हमें जो सबसे अलग बनाता है, वह 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से अब पांचवीं और फिर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। संभवतः जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 2.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी की स्थिति से बाहर निकालने में सफल रही है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर जैसे कई मानदंड शामिल होते हैं। वित्त मंत्री ने बैंकों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बहीखाते सात-आठ साल पहले की दोहरी बहीखाता समस्या की तुलना में काफी मजबूत हो चुके हैं। दोहरी बहीखाता समस्या का मतलब बैंकों और उद्योगों दोनों पर भारी वित्तीय दबाव होने से है। इसमें जहां अधिक कर्ज के कारण कंपनियां ऋण चुकाने में चूक करती हैं, वहीं इससे बैंकों का एनपीए बढ़ता है। इसके साथ ही सीतारमण ने भरोसा जताया कि सरकार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 प्रतिशत राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भरोसा जताया कि सरकार मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लेगी। वित्त मंत्री ने फरवरी में संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट में 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जबकि 2024-25 में यह 4.8 प्रतिशत था। सीतारमण ने यहां दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स (डीएसई) में हीरक जयंती समापन समारोह को संबोधित करने के बाद छात्रों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, ईश्वर की इच्छा और प्रधानमंत्री से मिले हर समर्थन के साथ, हम राजकोषीय घाटे के उस लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होंगे...। यह संसद में जतायी गयी प्रतिबद्धता है और इसका पालन करना मेरा कर्तव्य है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट फरवरी में पेश करेंगी। सीतारमण ने कहा कि अब से सरकार का ध्यान ऋण-जीडीपी अनुपात पर रहेगा। यह हमारे लिए और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। हमें सतर्कता के साथ सुधारों और सूझबूझ वाले राजकोषीय प्रबंधन के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। यह प्रत्येक वित्त मंत्री की जिम्मेदारी है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में केंद्र सरकार का ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 56.1 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान में सकल घरेलू उत्पाद के 57.1 प्रतिशत से कम है।

# राजद के जंगल राज की वापसी रोकें बिहार के मतदाता : शाह



दरभंगा (बिहार)। गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से मंगलवार को अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव चिह्न कमल वाला ईवीएम बटन दबाएं ताकि राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के शासनकाल के दौरान रहे जंगल राज की वापसी को रोका जा सके जिसने राज्य को तबाह कर दिया था।

शाह ने वादा किया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है तो सरकार बाढ़ रोकने और कोसी नदी के पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए करने पर 26,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। शाह ने दरभंगा में एक चुनावी रैली में कहा, लालू-राबड़ी के 15 साल के शासन में बिहार को तबाह करने वाले जंगल राज की वापसी को रोकने के लिए कमल का बटन दबाएं। उन्होंने कहा कि यदि आप छह नवंबर को मतदान के दिन कोई गलती करते हैं तो बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और जबरन वसूली फिर से आम हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही बिहार को सर्वांगीण विकास की ओर ले जा सकता है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि बिहार में राजग सत्ता में फिर आता है तो मिथिलांचल में सिंचाई के लिए कोसी नदी के पानी का उपयोग और बाढ़ को रोकने के मकसद से कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे...बिहार में गंगा, कोसी और गंडक नदियों के पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर राजग बिहार में सत्ता में बना रहता है तो मिथिला, कोसी और तिरहुत के लोगों को इलाज के लिए पटना या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि उन्हें एम्स दरभंगा में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। शाह ने कहा कि करीब 3.60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा दिया गया है जबकि दरभंगा में आईटी पार्क युवाओं को रोजगार देगा। उन्होंने जीविका दीदी के लिए 10,000 रुपये के लाभ के खिलाफ निर्वाचन आयोग से की गई राजद की शिकायत की आलोचना की।

## संक्षेप

### साइबर कानूनों की समीक्षा का आह्वान

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने ऑनलाइन दुनिया में महिलाओं के लिए मजबूत डिजिटल अधिकार, गोपनीयता सुरक्षा और जवाबदेही तंत्र सुनिश्चित करने के लिए भारत के साइबर कानूनों की व्यापक समीक्षा की सिफारिश की है। कानून समीक्षा 2024 और 2025 के लिए अनुशंसात्मक रिपोर्ट में विस्तृत सिफारिशें विधि एवं न्याय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास और गृह मंत्रालयों को भेजी गई हैं। यह रिपोर्ट एक साल तक जारी रहे राष्ट्रव्यापी परामर्श के समापन का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य लैंगिक-संवेदनशील दृष्टिकोण से भारत के साइबर कानूनी ढांचे की पुनर्कल्पना करना था। इस अभ्यास के तहत पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, गुजरात, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में आठ क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए गए। इसके बाद दो राष्ट्रीय परामर्श और गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं न्यायिक अकादमी में परामर्श आयोजित किए गए। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा, डिजिटल दुनिया ने महिलाओं के लिए सीखने, उद्यमशीलता और अभिव्यक्ति के अनंत द्वार खोले हैं, लेकिन इसने खतरे और धमकी के नये आयाम भी पैदा किए हैं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध : यूक्रेनी ड्रोन रूस के अंदरूनी हिस्सों में गिरे

मॉस्को। यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोनों से रूस के अंदर एक औद्योगिक संयंत्र पर हमला किया। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वहीं यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र के प्रमुख शहर पोक्रोवस्क पर रूसी हमले रोकने के लिए भीषण संघर्ष कर रही है। क्षेत्रीय गवर्नर राडिया हबीरोव ने एक बयान में कहा कि रूस के बश्कोर्तोस्तान क्षेत्र के शहर स्टर्लिटामक में एक औद्योगिक प्रतिष्ठान को दो ड्रोनों से निशाना बनाया गया, हालांकि उन्होंने प्रतिष्ठान के नाम नहीं बताए। उन्होंने साथ ही कहा कि दोनों ड्रोनों को मार गिराया गया। हबीरोव ने बयान में कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और प्रतिष्ठान में सामान्य कामकाज जारी है। इस बीच, नगर प्रशासन ने बताया कि स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल संयंत्र में हुए विस्फोट के कारण संयंत्र की जल शोधन इकाई आंशिक रूप से ध्वस्त हो गई। इस संयंत्र में रबर और विमानन ईंधन बनाया जाता है। रूसी मीडिया के अनुसार, यूक्रेन से लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) दूर निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र के एक औद्योगिक इलाके में भी विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई।

# बिहार में अब नहीं बनेगी नीतीश सरकार : राहुल

औरंगाबाद (बिहार)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पकड़ रखा है और अब इस प्रदेश में नीतीश कुमार की सरकार कभी नहीं बनने वाली है।

उन्होंने औरंगाबाद और कुटुंबा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि जिस तरह रिमोट के जरिये टेलीविजन चैनल बदले जाते हैं, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह नीतीश कुमार का चैनल बदलते हैं तथा बिहार के मुख्यमंत्री वही करते हैं जो भाजपा के ये दोनों शीर्ष नेता चाहते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री वोट चोरी की पूरी कोशिश करेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बगैर वो जीत नहीं सकते। राहुल गांधी ने लोगों का आह्वान किया कि वह वोट चोरी को रोकने के लिए मुस्तैद रहें। कांग्रेस नेता ने एक बार फिर यह दावा किया कि नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के इशारे पर काम कर रहे हैं। उनका कहना था, बिहार के लोगों को लगता है कि नीतीश जी की सरकार है।

# गुजरात में फसल नुकसान पर राजनीतिक घमासान

## किसानों को मुआवजे पर कांग्रेस और आप में मतभेद

अहमदाबाद। गुजरात में हाल में बेमौसम बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान से पीड़ित किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। आप ने जहां मांग की कि सभी प्रभावित किसानों को बिना किसी आकलन सर्वे के 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा दिया जाए तो वहीं कांग्रेस ने कहा कि यह राशि बहुत मामूली है और उसने अधिक भुगतान (50,000 रुपये प्रति बीघा) की मांग की। गुजरात में एक हेक्टेयर में लगभग छह बीघा होता है।

मुआवजे की मांग ऐसे समय की जा रही है जब राज्य सरकार अभी तक फसल क्षति आकलन कार्य में लगी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घोषणा की है कि उनकी सरकार जल्द ही उन किसानों को राहत पैकेज प्रदान करेगी जिनकी फसलें पिछले सप्ताह राज्य के कुछ हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थीं। कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि आप की 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे की मांग बहुत कम है और पार्टी पर सत्तारूढ़ भाजपा के साथ गुप्त समझौते करने का आरोप लगाया। भाजपा ने भी आप पर पलटवार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी केवल बड़े-बड़े दावे करने में माहिर है, जबकि पंजाब में उनकी अपनी सरकार ने प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया है। बेमौसम बारिश के कारण खड़ी फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए आप संयोजक केजरीवाल ने हाल में अपने गुजरात दौरे के दौरान मांग की थी कि प्रभावित किसानों को 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा दिया जाए।

# भूकंप से ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान, खुले में बितायी रात


काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। इस भूकंप में बचे लोग कड़ाके की ठंड में रात खुले में बिताने को मजबूर थे।

भूकंप प्रभावित लोग मंगलवार को अपने घरों के मलबे से बचे हुए सामान को निकालने की कोशिश करते नजर आए। क्षेत्र में बारिश का पूर्वानुमान है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी। सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात एक बजे से कुछ ही समय पहले 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र सामंगन प्रांत के खुल्म शहर से 22 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिणपश्चिम में था। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मंगलवार सुबह तक मृतकों की संख्या 21 हो गई थी, जबकि 819 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 25 की हालत गंभीर है। भूकंप से ऐतिहासिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिनमें अफगानिस्तान के उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ में स्थित प्रसिद्ध नीली मस्जिद, जो अफगानिस्तान के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों में से एक है, तथा खुल्म में बाग-ए-जहां नामा महल भी शामिल है। बल्ख प्रांत के सूचना एवं संस्कृति प्रमुख महमूदुल्लाह जरार ने बताया कि नीली मस्जिद की मीनार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि मस्जिद की कुछ दीवारों से ईंटें और टाइलें गिर गई हैं तथा सदियों पुराने स्थल के अन्य हिस्सों में दरारें आ गई हैं। उन्होंने कहा, यह पवित्र दरगाह इस्लामी मूल्यों और इस्लामी युग के इतिहास का एक मूल्यवान स्मारक है (और) इसकी मरम्मत और जीर्णोद्धार की सख्त जरूरत है।

# 1979 में अमेरिकी दूतावास पर कब्जे की वर्षगांठ मनी

तेहरान (ईरान)। ईरान के लोगों ने मंगलवार को 1979 में तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्जे की वर्षगांठ मनाई। जून में इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी के बाद यह इस तरह का पहला स्मरणोत्सव था। ईरानी छात्रों ने चार नवंबर 1979 को दूतावास पर कब्जा करने के लिए सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया था तथा दर्जनों लोगों को बंधक बना लिया था। यह संकट एक वर्ष से अधिक समय तक चला। मंगलवार को प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले स्मरणोत्सव में हजारों लोग तेहरान शहर में उस स्थान पर वापस लौटे और अमेरिका मुर्दाबाद तथा इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com